लिए काम करने में काफी ढिलाई हुई या अनदेखी हुई। इसलिए आज यह परेशानी इतने ज्यादा भयंकर रूप से हमारे सामने है। हमारे देश में कृÂिष का एक मंत्रालय है, पीने के पानी के लिए दूसरा मंत्रालय है और वॉटर रिसोर्स डिपार्टमेंट को पूरा तब्दील कर के गंगा का विÂषय बना दिया है। यह अलग-अलग क्षेत्रों में बंट गया है। सरकार कह रही है कि इस मामले को हमें होलिस्टिक तरीके से देखना चाहिए, लेकिन अलग-अलग तरीके से विभाजन कर दिया गया है और इसमें परेशानी और भी ज्यादा बढ़ चुकी है। अगर हम सूखे का सीधा प्रहार देखते हैं, अभी मराठवाड़ा से जो बोले, वे भी कह रहे हैं, जो तेलंगाना से बोले, वे भी इस बात को कह रहे हैं, चाहे वे बुन्देलखंड के क्षेत्र से हों, मध्य भारत हो, पश्चिम भारत हो इस बार बहुत ज्यादा इसका असर देखने को मिल रहा है। सूखे की सिचुएशन हमारे दूसरे प्रान्तों में भी है। इसमें हम यह देखते हैं कि कृÂिष का संकट जो मंडरा रहा है, वह एक कान्टिन्यूइटी है और यह बढ़ता जा रहा है। किसान की आत्महत्या, अन्तर्राÂष्ट्रीय सर्वे में यह पता चला कि हर आधे घंटे में हमारे देश में एक किसान आत्महत्या कर रहा है। अगर इस बारे में सरकार से पूछें तो कभी तो वे कहते हैं कि यह उनका व्यक्तिगत मामला है, बीमारी है, अलग-अलग तरीके से बयान आते हैं। मूल तो वह कृÂिष का जो संकट है, यह उसके कारण है। मैं समझता हूँ कि जब सूखा पड़ता है, सूखे की चपेट में जब किसान आते हैं तो वह संकट और भी गहराता है और उससे किसानों की जिन्दगी और भी ज्यादा परेशानी का सबब बनता है। किसान, खेत मजदूर और उनके परिवार को इस संकट को सबसे ज्यादा झेलना पड़ रहा है। इसमें सीधा-सीधा जो होता है कि उनका जो फार्म लोन है, जो कृÂिष ऋण होता है या फसल नÂट होती है तो उसको वे वापस नहीं कर पाते हैं। उसका असर खाद्य संकट के ऊपर देखने को मिलता है। कृÂिष की उपज भी कम हो रही है। पीने के पानी की एक बहुत बड़ी परेशानी है।

हमारे देश में सरकार एक के बाद एक घोÂषणाएं करती हैं कि हम पाइप्ड वाटर, पोर्टेबल वाटर पूरे देश में सब जगह देंगे, लेकिन अभी भी ग्रामीण क्षेत्र का बहुत बड़ा इलाका, छोटे और मझोले शहरों में भी, दिल्ली जैसे शहरों में भी हमें पानी का संकट देखने को मिलता है। इसके अलावा जो हमारा पशुधन है, यह उसके ऊपर सीधा प्रहार है। आज के अखबार में, मैं एक हिन्दी पत्रिका में देख रहा था कि सूखे हुए तालाब में गाय दलदल में फँसी हुई है। हम गाय, पशुधन, कैटल और कैटल स्मग्लिंग को लेकर बहुत चर्चा करते हैं, बहुत बहस करते हैं, इसे राजनीति का बखेड़ा बघेड़ा बनाते हैं, लेकिन कहाँ गए वे पशु प्रेमी, जिन्हें गाय को बचाना है और उन्हें पीने का पानी जुटाना है, वह उस वक्त देखने को नहीं मिलता। हमारे पशुधन के ऊपर भी सूखे का बहुत बड़ा असर हो रहा है।

मैडम, मराठवाड़ा में सरकार विकेन्द्रिकृत करती है, अच्छी बात है। पशुधन को बचाने के लिए 70 रूपया उसमें प्रति पशु के लिए खर्चा बोला गया, क्योंकि लोग पशु छोड़ रहे हैं, ऐसा होने से वे उसे रखेंगे, लेकिन अजीब स्थिति है, इंस्पेक्टर जाकर के हिसाब करता है कि गोबर बिकने का 7 रूपया कटेगा तो फिर बाद में वे उसको काटने का बंदोबस्त करते हैं। अभी मराठवाड़ा से हमारे शिव सेना के साथी कह रहे थे कि केन्द्र सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। कृÂिष का जो संकट होता है, किसानी के साथ जो जीते हैं, पशुधन उनकी आमदनी का एक स्रोत होता है। अगले साल यदि बारिश हो भी जाए, लेकिन उसका पशुधन से आमदनी का स्रोत खो जाता है तो फिर से उसे रिपेयर करना उसके लिए बहुत ज्यादा परेशानी का कारण बन जाता है। मैं समझता हूँ कि यह जो दिक्कत हो रही है, उदारीकरण से हमारे देश में हमारे किसानों को और किसानी को पूरे विश्व के सामने धकेल दिया गया। बायोटेक्नोलॉजी, मॉडर्न इरीगेशन जो कॉस्टली और एक्सपेंसिव है, ये सब बयान हम सुनते आए हैं। आज भी इस दौर में, पिछले 20-25 साल में हमारा जो किसानी का क्षेत्र है, उसमें इरीगेटिड एरिया जो है, वह हम नहीं बढ़ा पाए हैं। क्रॉप इंश्योरेंस की जो सहायता मिलनी चाहिए, वह नहीं हुआ। बैंक से जो इंस्टीट्यूशनलाइज लोन किसानों के पास पहुँचना चाहिए, वह पूरी हद तक नहीं पहुँचा। यहाँ तक कि जो पानी की बात हम कर रहे हैं, आप देखिए कि इस सरकार ने अभी फिलहाल क्या किया, हमारा पानी का जो सबसे बड़ा सेन्ट्रल ग्राउंट वाटर बोर्ड है, अब सरकार उसके ऊपर प्रहार कर रही है। जो सेन्ट्रल वाटर कमीशन है और सेन्ट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड है, उस विÂषय के मंत्री यहाँ पर नहीं हैं, लेकिन उसके ऊपर भी सीधा-सीधी प्रहार है। आप देखेंगे कि वÂर्ष 2013-14 में 12,961 करोड़ रूपए का अलोकेशन दिया था, वह पिछले साल वÂर्ष 2015-16 में घटकर के दो हजार करोड़ हो गया। इसमें प्रधान मंत्री कृÂिष सिंचाई योजना भी शामिल है। पहले साल जब हमने इतना ढिंढ़ोरा पीटकर प्रधान मंत्री कृÂिष सिंचाई योजना की, तो पहले साल उसका सिर्फ चार करोड़ रुपये खर्च हुआ। आप समझ सकते हैं कि घोÂषणाएँ जिस तरीके से हो रही हैं, किसान को या गाँव को उसकी उस तरह से सेवा नहीं मिल रही है। अभी भी अगर हम कहेंगे तो सरकार कहेगी कि कुँए, बावड़ी, तालाब आदि के संरक्षण के लिए उसने योजनाएँ बनाई हैं, लेकिन हमारा सीधा प्रश्न यह है कि इन दो सालों में हम कितना कर पाए हैं? या जब से यह स्कीम चालू हुई है, पिछली सरकार के समय भी यह स्कीम थी, तो हम कितना कर पाए। जब भी हम प्रश्न करते हैं तो सरकार यह बयान देती है कि ऐसी-ऐसी स्कीम्स हैं। लेकिन मनरेगा एक बहुत बड़ी योजना है जिसका ज्यादातर काम था। प्रधान मंत्री खुद कहते हैं कि यह गड्ढा खोदने वाली योजना है। जबकि सूखे के दौरान यही गड्ढा खोदना बहुत ज्यादा ज़रूरी था। हमारे देश में 1 करोड़ 11 लाख ऐसे छोटी-बड़ी या मझोली वाटर बाडीज़ हैं और यदि सरकार सही दÂिष्टकोण से मनरेगा को देखे और पंचायती व्यवस्था को सही तरीके से लागू करे तो हम यह जो ग्राउंडवाटर रीचार्ज करने के लिए और पानी स्टोरेज के लिए यह काम कर सकते हैं, लेकिन हम सरकार से यह पूछते हैं तो वह राज्य सरकार पर डालती है और राज्य सरकार को कहें तो वे आँकड़े दिखाती हैं कि इतने मैनडेज़ बढ़ गए। लेकिन आज अगर उस स्रोत को हम बचा पाते और पानी को रीचार्ज करने की स्थिति में रहते तो हमें इस दुविधा में नहीं पड़ना होता।

इसी तरह से पीने के पानी का जो संकट है, सरकार टैंक से पानी भेज रही है। यह ठीक है, शार्ट टर्म अरेंजमैंट हो सकता है, लेकिन सूखे से निपटने के लिए जैसे शॉर्ट टर्म, मिडटर्म और लांग टर्म तीनों पॉलिसी लेनी पड़ेंगी। इसके साथ साथ इसका सामाजिक पहलू है, आर्थिक पहलू है, शासकीय पहलू है और पर्यावरण का मामला है। यह सब जुड़ा हुआ है। मैं उस पर नहीं जा रहा हूँ। मैं खुद बंगाल से आता हूँ।

मैडम, आपको अच्छी तरह से मालूम है कि दुÂष्काल प्रभावित क्षेत्र की हैसियत से पिछले 100-200 सालों में हम इससे काफी पीड़ित हुए हैं। इसलिए जब सूखा पड़ता है तो उसका सीधा असर पड़ता है और दुÂकाल की स्थिति पैदा होती है। गाँवों से लोगों का पलायन होता है, माइग्रेशन होता है चूँकि उनको वहाँ पर फार्म रिलेटेड काम नहीं मिलता है। जब कृÂिष से रोज़गार घट जाता है और काम नहीं मिलता है तो उनकी पर्चेज़िंग पावर भी कम हो जाती है। आप देखिए कि एक सर्वे अभी बता रहा है कि मराठवाड़ा रीजन में दुकानों की बिक्री 60 प्रतिशत कम हो गई। इसी तरह से आर्टिज़न्स के रोज़गार में भी कमी आ जाती है।

मैडम, जो फॉडर है और खाद्यान्न है, इसका एक बहुत बड़ा संकट देखने को मिल रहा है और इसका एक सीधा प्रभाव हो रहा है कि जो इनफ्लेशन है, फूड आइटम्स की कीमत बढ़ रही है। मैं समझता हूँ कि इसके बारे में सरकार को जो करना चाहिए था, सरकार की तरफ से वह देखने को नहीं मिला। हमारे प्रधान मंत्री जी सिर्फ एक कैंपेनर नहीं हैं। वह असम से केरल जाएँ, बंगाल जाएँ, लेकिन बीच में मराठवाड़ा में। उत्तर प्रदेश में या मध्य प्रदेश में जहाँ भी हैं। अभी जब चर्चा इतनी बढ़ गई तो हम यह देख रहे हैं कि अलग अलग तरीके से मुख्य मंत्री या उनकी पूरी टीम से चर्चा हो रही है। लेकिन जो प्रोएक्टिवनैस सरकार के अंदर थी, वह देखने को नहीं मिल रही है। क्या प्रधान मंत्री एक इलैक्शन मीटिंग रद्द करके केरल में, मराठवाड़ा में जो किसान मर रहे हैं, वहाँ जो पशुधन की मौत हो रही है, वहाँ पर स्टापओवर नहीं कर सकते थे? इतना तो हम उम्मीद कर सकते हैं। वे लेबर करते हैं, 19 घंटे, 24 घंटे काम करते हैं, ऐसा देखने को मिलता है। वह डिटूर भी कर सकते थे। अगर इनंटरनेशनल फ्लाइट को वे डिटर कर सकते हैं तो डोमैस्टिक फ्लाइट को वे इज़ीली डिटर कर सकते थे। मैं समझता हूँ कि वह न होने के कारण लोगों में रोÂष पैदा हो रहा है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ पीने के पानी का संकट है। आज भी राज्य सरकार और केन्द्र सरकार में पानी के टैंकर से पानी पहुँचाया जा रहा है। हमने देखा उत्तर प्रदेश में इंडियन एक्सप्रैस के होनहार फोटोग्राफर कनौजिया की मौत हो गई। आखिर देश में यह हो क्या रहा है? क्या देश में सरकार है? अगर सरकार है तो क्या वह गाँवों के बारे में सोचती है? अगर गाँवों के बारे में सोचती है तो किसान और किसानी उसके दिल और दिमाग में है? ...(व्यवधान) प्रधान मंत्री एन.आर.आईज़ के पास पहुँचे, अच्छी बात है। जो भारत से भागे हुए भारतीय हैं, उसके लिए सरकार जितनी तवज्जो दे रही है और जो भारत में रहकर ज़िन्दगी के साथ जूझ रहा है, उसके साथ वह क्यों नहीं जूझ सकती?

HON. CHAIRPERSON: Shri Mohammad Salim, please conclude.

SHRI MOHAMMAD SALIM: I am going to conclude. I am very happy that you have shown me indulgence. I would request for some more indulgence.

जैसा मैंने किसान के बारे में कहा, वैसे ही बच्चों के बारे में है, उनकी चर्चा नहीं होती है, क्योंकि उन्हें वोट का अधिकार नहीं है। अभी हमारे जो नोबल प्राइज़ प्राप्त कैलाश सत्यार्थी जी हैं, उनका भाÂषण मैंने सुना, उन्होंने कहा कि 16.5 करोड़ बच्चे इससे प्रभावित हैं। यह सिर्फ दुÂष्काल के कारण या सिर्फ पीने के पानी के कारण नहीं है। इस बारे में वीमैन और चाइल्ड वैलफेयर मिनिस्ट्री जो है, वह क्या सोच रही है, इन बच्चों इसका लाँग टर्म इफैक्ट होता है, उनकी उम्र की वजह से दुÂष्काल और पीने के पानी की कमी की वजह से, खाद्यान्न न मिलने की वजह से उसके अन्दर एक लाँग टर्म इफैक्ट होता है। इन बच्चों का ट्रैफिकिंग हो रहा है, इन बच्चों को बेचा जा रहा है, लोग जैसे पशुओं को बेचते हैं, मैडम, आप बंगला लिट्रेचर से, शरत् चन्द्र चटर्जी के महेश से अच्छी तरह से वाकिफ हैं, दुÂष्काल की जब स्थिति होती है तो मैं समझता हूं कि हम सब को उसका पूरा हिन्दी अनुवाद करके भेजना चाहिए।

समय नहीं है, मैं बोल नहीं पा रहा है। जो लोग पशुओं के बारे में और गाय के बारे में इतना सोचते हैं, शरत् चन्द्र चटर्जी ने आजादी से पहले दिखाया कि किसान के साथ गाय का क्या सम्पर्क होता है और पानी न मिलने के कारण, फॉडर न मिलने के कारण किस तरह से उसके हाथ से उसे खोना पड़ता है।...(व्यवधान) इसी तरह से उनकी जो प्रोपर्टी है, ज्वैलरी है, उनकी जो जमीन है, वह मोर्टगेज होती है। उसका सोचा-समझा प्रोपराइजेशन हो रहा है, एक वामपंथी के नाते मैं समझता हूं कि दुÂकाल में जब सरकार सही ढंग से सही वक्त पर काम नहीं करती है तो सीधे-सीधे एक सैक्शन, जो मार्जिनलाइज़ सैक्शन है, उसको और भी मार्जिन में भेजा जाता है और उनकी जो जमीन है, उनकी जो जायदाद है, उनकी जो प्रोपर्टी है, यहां तक कि उनके जो परिवार के मैम्बर्स हैं,

उनके बच्चे हैं, उनसे भी उनको हाथ धोना पड़ता है।

यह स्थिति बन रही है, इससे सरकार यह न्यौता ले और युद्धकालीन परिस्थिति की हैसियत से इसका निर्वहन करे और साथ-साथ जो कृÂिष ऋण है, उसको माफ करने का बन्दोबस्त करे।...(व्यवधान)

धन्यवाद।

SHRI MEKAPATI RAJA MOHAN REDDY (NELLORE): Thank you, Hon. Chairperson, for giving me this opportunity to speak on severe drought and scarcity of drinking water in many parts of the country. Situation is very alarming. Many people in the country do not have drinking water also. We can understand the severity and magnitude of the problem when drinking water has to be transported by rail to Latur to feed 30 lakh or 40 lakh people. Same is the situation in many parts of the country, including Telugu States – Andhra Pradesh and Telangana. In many parts of the States crops have been withered away and the ground water table has gone down like anything. There is no drinking water even for the wild animals, which are coming out of the forest areas to the villages for water. Such is the situation.

There was a Press Report on 8th of this month in Telangana, Adilabad district which stated that a poor woman has started her journey with her two children to go to the neighbouring village. Mother asked her children to be in a tree shadow, and went in search of water. She could not find; she fell unconscious. These two children started roaming around for want of drinking water; they could not find. They fell unconscious; and they died. Such is the situation. Next day, it seems that there was a marriage of the daughter of her sister. Actually the ground water table has gone down like anything where the fluoride content is very heavy. In many villages, where the fluoride content is heavy, people of 25 years of age could not see the sun in mid-day.

That is why, out of concern, I am giving my MPLAD Fund only for setting up RO Plants in many parts of my constituency. The first priority of all State Governments and the Government of India is to solve this problem of drinking water. They have to look into this problem very seriously and solve this problem by taking steps on war footing. The first priority of the Government of India as well as State Government is to provide drinking water to the people, the second priority is to give water for farming and the third priority is to supply water for industries.

In Andhra Pradesh, we have mighty rivers Godavari and Krishna. In Krishna delta alone, 40 lakh acres are being irrigated through Srisailam and Nagarjuna Sagar Dams. Both these dams are empty now. In the same way, in Godavari delta also, there is no water for the second crop.

This is the situation everywhere. So we may have to change our crop pattern also. Instead of sugarcane, paddy and wheat, we may have to go for cultivation of arid crops like ragi, bajra and jowar. Till 1980s, people used to eat these grains. But of late, as the Government started the Public Distribution System and started providing rice at Rs. 2 per kg., everybody switched over to cultivating paddy and stopped cultivating arid crops. So, we may have to revisit our cropping pattern and start cultivating arid crops also and we have to supply these small grains through PDS.

Madam, in our country we have very scanty natural resources. We have a geographical area of 2.4 per cent, fresh water of four per cent whereas our population is 17.69 per cent, about 1/6th of the population of the world. So we have to preserve our natural resources very carefully and we have to think of connecting our rivers. There are some mighty rivers in our country where there is plenty of water which is going waste into the sea. Sometimes, in Godavari itself, more than 2,000 TMC of water is going into the sea every year. This is plenty of water and with this water we can irrigate both Andhra Pradesh and Telangana for two years.

So, it is high time that we have to think of linking our rivers. When Dr. Rajasekara Reddy was alive, he started the Polavaram Project for linking of Godavari and Krishna rivers. Now, if the present Government sticks to their word, the Polavaram Project would be completed by 2018. If it is done, at least local rivers can be connected. This is high time that the Government of India should also think about this. If linking of rivers is technically and financially feasible, they should start this project immediately. We have to take expert advice and definitely start this project. When drinking water is scarce in many parts of the country, naturally we have to think about it very seriously and solve this problem.

Madam, if we cannot provide drinking water to all citizens of the country – leave alone luxuries – then what is the use of mighty Governments? So, it is high time that all the State Governments and the Government of India to look into this problem very seriously and give first priority to providing of drinking water to our people.

As the hon. Member from Telangana said, the Government of Telangana has started a novel project of giving water to every household in the State. This is a good scheme. I appreciate it. If they succeed, it is going to be a model scheme and the entire country may also adopt that scheme.

That Government of India also should think like that. We have to preserve each drop of rainwater. Rainwater harvesting has to be taken in a big way. In many States, nowadays, everybody has started rainwater harvesting. This is definitely going to help. Farmers also nowadays are digging the trenches all around their farming area so that the ground water gets charged and bore wells function very well. We are seeing many examples like that. Like this, the Government of India should think in a big way with the expertise at their command and solve this problem once and for all. It is a recurring thing. Every year when summer comes, we think like this and we discuss this problem. It is not like that. Now it is high time that the Government of India as well as the State Governments should think about this problem and solve this problem. Thank you very much, Madam.

**श्रीमती सुप्रिया सुले (बारामती) :** मैडम, मैं राज मोहन रेड्डी जी का भाÂषण सुन रही थी, उन्होंने एक पीड़ित मां और उसके दो बच्चों की कहानी सुनाई। शायद, वह मेरे ही राज्य की होगी। क्योंकि इस देश में ऐसे 11 राज्य हैं, जहां आज हम बहुत सूखा देख रहे हैं। आप कभी भी पेपर पढ़िए या टी.वी. देखिए लातूर और मराठवाड़ा की बात रोज समाचार में आ रही है। मुझे दुःख से कहना पड़ रहा है कि महाराÂष्ट्र की सरकार इसे नियंत्रण करने में पूरी तरह से फेल्योर हुई है। जैसे - राज मोहन रेड्डी जी ने एक कहानी सुनायी, वैसे एक 12 साल की लड़की योगिता देसाई थी, जो स्कूल जा रही थी, उसे कहीं पानी नहीं मिला, उसे डिहाइड्रेशन हुआ और वह मर गई। राजश्री काम्बले नाम की दस साल की लड़की थी, वह कुएं के पास मां को मदद करने के लिए गई थी, वह ऊपर से गिर गई और उसका भी देहांत हो गया। सचीन, खेहार, स्वाति ऐसे बहुत सारे बच्चे हैं, हम किसानों की आत्म हत्या के बारे में हमेशा चर्चा करते हैं, लेकिन इस बार एक और भयानक स्थिति उत्पन्न हो गई है कि बच्चों की मृत्यु भी इस समय बहुत ज्यादा हो रही है। स्वाति पितले नाम की एक लड़की थी जो एसटी से कॉलेज जाती थी। उसे सिर्फ 260 रुपये एसटी के लिए चाहिए थे, उसने

सरकार से बहुत मांग भी की, लेकिन सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया। लड़की ने अपने पिता जी को खत लिखा, जिसके बारे में शायद खैरे जी ने भी बोला कि मराठवाड़ा में लड़कियों की शादी में बहुत दिक्कत हो रही है। लड़की ने ऐसा खत लिखा कि मैं पढ़ना चाहती हूं, लेकिन एसटी के लिए पैसे नहीं हैं। कल मेरी शादी करनी पड़ेगी, उसमें भी पैसे खर्च होंगे, उससे बेहतर है कि मैं अपनी जान दे दूं और 19 साल की लड़की ने जान दे दी। Madam, it is really a tragic situation in Maharashtra today.

I was listening to Khaire *ji*'s speech. खैरे जी, का जो भाÂषण था, भले ही हम अलग दल के सदस्य हैं लेकिन महाराÂष्ट्र में हर पार्टी, सिर्फ एक पार्टी को छोड़ कर, एक आवाज में बोल रही है। हम सभी की मांग एक ही है कि आप कुछ तो करिए। इसमें हमें राजनीति नहीं करनी है। वैसे तो वहां शिवसेना राज्य में है, लेकिन अगर आप खैरे जी के सभी मुद्दों पर ध्यान देंगे तो उन्होंने सभी मांगें केन्द्र सरकार से की हैं, महाराÂष्ट्र सरकार से नहीं की हैं। उनकी कैटल कैम्प्स की मांग, उन्हें तो राज्य ही चला सकता है। यहां से कौन कैटल कैम्प्स देगा, यहां से पैसे जा सकते हैं। मुझे याद है, शायद खैरे जी को भी याद होगा, राजीव सातव जी भी महाराÂष्ट्र से चुन कर आये हैं, वÂर्ष 2012 में ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई थी, तब ऐसी गंभीर स्थिति नहीं थी, इतना रेन डेफिसिट भी नहीं थी, हर पार्टी ने मिल कर, तब शायद बी.जी.पी. भी कैटल कैम्प्स में ऐक्टिव थी, लेकिन शिवसेना हो, कांग्रेस हो या एनसीपी हो, हर रिपब्लिक पार्टी ने साथ मिल कर कैटल कैम्प्स चलाये थे। मुझे याद है, खैरे जी प्लीज मुझे करैक्ट करें, तब दूध का रिकॉर्ड प्रोडक्शन हुआ था। सभी लोग पूछ रहे थे कि पानी की बहुत दिक्कत है, फिर भी सूखे में दूध का प्रोडक्शन इतना अच्छा कैसे हुआ है?

महाराष्ट्र में पहली बार इतना सूखा पड़ा है। यह कोई नई बात नहीं है। सबको पता था कि सूखा पड़ने वाला है। अगस्त-सितम्बर में जब बारिश खत्म हो गई, तो सबको पता था कि मराठवाड़ा में बारिश का 50 टका डैफिसिट है। बहुत लोगों ने माननीय मुख्य मंत्री जी को खत भी लिखे थे कि आप कुछ कीजिए। वार फुटिंग पर काम करना पड़ेगा। पानी कहीं से भी मंगवाइए, लेकिन कुछ कीजिए क्योंकि दिक्कत आने वाली है। मुझे यह बोलते हुए खेद होता है कि इस सरकार का पूरा फेल्योर हुआ है।

एक बात लातूर के बारे में सब बोल रहे हैं कि लातूर में ट्रेन आई। बहुत अच्छी बात है। वह खैरे जी के औरंगाबाद से होते हुए लातूर जाती है। विजुअली बहुत अच्छी चीज थी। सबको लगा कि लातूर में हिस्ट्री में पहली बार पानी आया है। पहली बार नहीं दूसरी बार आया है। दो साल पहले जालना में भी रेलवे से पानी आया था। रेलवे डिपार्टमैंट या कोई भी मंत्री हो, रेलवे डिपार्टमैंट की महाराÂष्ट्र को हमेशा मदद की भूमिका ही रही है। इस बार भी लातूर की रिक्वायरमैंट के बारे में सब बोल रहे हैं। लातूर की पानी की रिक्वायरमैंट 5 करोड़ लीटर है। अगर सूखा पड़े तो ढाई करोड़ लीटर देना पड़ता है। आज लातूर में 65 लाख लीटर पानी जा रहा है। रेलवे डिपार्टमैंट मदद करना चाहता है। मैं लातूर और सांगली के कलैक्टर्स का उल्लेख करना चाहती हूं। आज नीरज से लातूर रेलवे से पानी आ रहा है। जो भी पानी आ रहा है, अच्छी तरह आ रहा है। जितना चाहिए उतना नहीं आ रहा है।

आज ही एक बहुत गंभीर न्यूज़ आई है कि पातुर से भी पानी आने वाला था। ट्रेन औरंगाबाद में खैरे जी के यहां खड़ी है। वहां के मंत्री श्री लोनीकर जी ने आज ही स्टेटमैंट दिया है कि 15 दिन से ट्रेन खड़ी है, लेकिन हमारा नियोजन ठीक से नहीं हुआ है, इसलिए हम लातूर को पानी नहीं दे सकते। मैडम, आप ही सोचिए कि is not this mismanagement? आपको पता है। आप पांच महीने का हर पेपर पढ़िए। लातूर ने कैबिनेट मीटिंग करवाई। महाराÂट्र के सब मंत्री लातूर गए। हमें लगा कि हम भी कोई मदद करें। टूरिज़्म की तरह सब मंत्री देखकर आए, हर तालुका घूमकर आए। उसके बाद एक्शन टेकन रिपोर्ट का क्या हुआ।

मैंने मराठवाड़ा जाने के बाद दो चीजें कीं - प्रधान मंत्री जी को खत लिखा और महाराÂष्ट्र के मुख्य मंत्री को लिखा। मैंने टाइम भी मांगा। प्रधान मंत्री जी ने टाइम दिया। महाराष्ट्र के काफी सांसद उन्हें मिलने भी गए। उन्होंने हमारे सुझाव सुन लिए थे। महाराÂष्ट्र के मुख्य मंत्री ने एक खत भी नहीं लिखा कि आपका खत आया है। It is really a tragedy कि इस सरकार के मन में क्या है। ये सब जगह जाते हैं, 'मेक इन इंडिया' का इतना बड़ा प्रोग्राम बनाया। हमारे सीएम साहब यहां-वहां घूमते रहते हैं। मुझे सिर्फ इतना कहना है कि क्या वे दस दिन मराठवाड़ा में अपना पूरा सामान लेकर नहीं जा सकते। अगर सीएम साहब 10-15 दिन मराठवाड़ा जाएं तो वहां का इफ्रास्ट्रक्चर हिल जाता है। कलैक्टर अच्छा काम कर रहा है।

बहुत लोगों ने नरेगा की बात कही। नरेगा की शुरुआत कहां हुई, 1972 में महाराष्ट्र में शुरू हुआ, जब कांग्रेस की सरकार थी। मुझे याद है 1972 में बहुत बड़ा सूखा पड़ा था, लेकिन वह पानी का नहीं, अन्न का सूखा था। इस समय अन्न है, लेकिन पानी नहीं है। इस साल प्रॉब्लम थोड़ी अलग है। महाराÂष्ट्र में उसका नाम एनआरईजीएस था। उसी समय 1972 में यह स्कीम शुरू हुई। स्कीम शुरू होने के बाद जब-जब अड़चनें आईं, वहां नरेगा स्कीम यूज़ की गई। मैडम, आपको आश्चर्य होगा कि मनरेगा आज मराठवाड़ा में बिल्कुल चल रही है।...(व्यवधान) नरेगा में जितना काम होना चाहिए, उतना नहीं हो रहा है। मैं मंत्री जी से विनती करूंगी कि आप सबको उसमें ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

सलीम भाई ने पलायन की बात की। पूरे महाराÂष्ट्र में मराठवाड़ा से काफी माइग्रेशन हो रहा है। दुख की बात है कि लोग कुछ भी काम कर रहे हैं। अर्बन इफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत प्रैशर आ गया है। मुम्बई, ठाणे या पिम्परी-चिंचवण हो, मराठवाड़ा के सब लोग वहां रहने जा रहे हैं क्योंकि अगर गांव में नरेगा के अच्छे काम हो जाएं तो उन्हें माइग्रेशन की जरूरत ही नहीं है।

मेरी थोड़ी सी मांगें हैं। जो स्थिति है, वह इनको सब पता है। मुझे याद है कि स्पीकर महोदया द्वारा एक बहुत अच्छी वर्कशॉप Speaker's Research Initiative की थी। हमें पहले चर्चा करनी चाहिए और बाद में रिसर्च इनीशिएटिव को काम करना था। यहां उल्टा हो गया। स्पीकर संवेदनशील हैं लेकिन सरकार इतनी सीरियस नहीं है, यह दिख रहा है। It is factual, it is really a tragedy.

इस परिस्थिति में माननीय कृÂिष मंत्री जी से विनती करती हूं कि हमारी तीन-चार मांग महाराÂष्ट्र की तरफ से हैं। सलीम भाई और चन्द्रक्रांत जी ने भी वही बात कही We want a complete loan waiver for all the farmers. हम सब पूरी तरफ से ऋण माफी चाहते हैं, हर तरफ से चाहते हैं, कम्पलीट क्रॉप वेबर चाहते हैं। यह कहा जाता है कि 15 दिन में बारिश आएगी, चन्द्रकांत जी बात कर रहे थे तो कोई कह रहा था कि कल बारिश हुई। अभी किसान अगर बैंक के जाएगा तो उसे कौन पैसा देगा, इस बारे में सरकार ने क्या सोचा है इस बारे में सीधा-सीधा हां या न में जवाब चाहिए। आप पूर्ण ऋण माफी करेंगे हां या न? इसका जवाब मुझे दे दीजिए। जो पहले कर्ज लिया था उसकी रिस्ट्रक्चरिंग करेंगे या नहीं? ये बातें किसानों के बारे में कही है लेकिन बहुत सारे लैंडलेस लेबरर हैं जिनके पास कोई जमीन नहीं है, उनके पास कोई काम नहीं है, इनके बारे में क्या सोचा है? सलीम भाई ने बहुत अच्छी बात की कि महिला और बच्चों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। सलीम भाई आपको आश्चर्य होगा कि जब टैंकर आता है तब 144 धारा तो लगती है लेकिन लाइन में कोई पुरुÂष खड़ा नहीं होता है, सब महिलाएं ही होती हैं, कभी-कभी चार घंटे महिलाओं को खड़े रहना पड़ता है, कभी-कभी रात को 11-12 बजे टैंकर आता है 2 बजे तक महाराÂष्ट्र की महिलाएं आज पानी के लिए लड़-झगड़ रही है, उनके बारे में भी आपको सोचना चाहिए, आप इस बारे में क्या करेंगे? आज उमा भारती जी होतीं तो और भी अच्छा होता। दो दिन पहले टीवी पर मैंने उनका बयान देखा था, उमा जी के पास यह डिपार्टमेंट भी है, उन्होंने कहा था कि वह महाराष्ट्र में जाने वाली हैं, वहां बहुत अच्छे प्रोग्रामस हैं, प्रोपट लाल पवार जिन्होंने अहमदनगर में अच्छा काम किया है उसे देखने जाने वाली हैं।

खानापुरकर जी ने धुलिया में श्रीरपुर पैटर्न नाम के माध्यम से बहुत अच्छा काम किया है, अविनाश पोल जी भी मराठवाड़ा में अच्छा काम कर रहे हैं, बीड में लोहिया जी मानव लोक नाम की एनजीओ बहुत अच्छा काम कर रही है, ग्राम विकास नाम की संस्था भी काम कर रही है आज ये एनजीओ सरकार से भी अच्छा काम कर रही हैं। मैं सरकार से विनती करती हूं कि इस बारे में सोचें, लोक वेबर के बारे में जवाब सीधे-सीधे दें। बच्चों की शिक्षा के बारे में आपने क्या सोचा है? सरकार ने घोÂषणा की थी कि बच्चों की शिक्षा में हम मदद करेंगे लेकिन सिर्फ एग्जामिनेशन फीस माफ की गई है पूरे साल की फीस माफ नहीं की है। मैं पूरे राज्य के लिए नहीं मांग रही हूं जो बच्चे इस पीड़ा में हैं जिनकी शिक्षा लेने की इच्छा है लेकिन उनके माता-पिता एक भी पैसा नहीं दे सकते। मोटर ही नहीं चला तो बिजली का बिल लोग कैसे भरेंगे? इस बारे में भी आपको सोचना चाहिए। आज आपकी महाराष्ट्र सरकार जल के क्षेत्र में बहुत अच्छा काम कर रही है बहुत अच्छी बात है, लेकिन दो टेक्नीकल इश्यू है, वहां कोई जियोलॉजिस्ट काम नहीं कर रहा है, यह काम साइंटिफिकली नहीं हो रहा है। एक्विफियर एक बार डैमेज हो जाए After 20 years it will be a national disaster. मेरी विनती है कि आप ये सारे काम जरूर करें लेकिन अगर टेक्नीकल एडवाइज ले लें तो किसानों को ज्यादा मदद होगी। माइग्रेशन का बहुत बड़ा चैलेंज है। कैटल कैंप के बारे में आपकी क्या सोच है क्योंकि इसकी पेमेंट नहीं आ रही है। आज उस्मानाबाद जाइए, बीड जाइए, लातूर जाइए, सोलापुर है, वहां कैटल कैंप की बहुत दिक्कत है। आपके पास डेटा बहुत पहले आ चुका है इसलिए मैं आपको डाटा नहीं दूंगी। महाराष्ट्र आज बहुत दिक्कत में है, वहां का लीडरशिप बहुत अच्छा काम नहीं कर रही है ऐसा मैं अकेला नहीं कह रही हूं खैरे जी की स्पीच में भी यह बात आई। केन्द्र सरकार से नम्र विनती है कि आप महाराषÂट्र के लीडरशिप से बात कीजिए और डेटा वेरिफाई करें। अगर उनसे काम नहीं हो रहा है तो वहां आर्मी भेजिए और हमारी मदद कीजिए। आज महाराष्ट्र के मराठवाड़ा को राजनीति की नहीं हम सब की जरूरत है।

**<u>16.00hours</u>**

DR. PRITAM GOPINATH MUNDE (BEED): Thank you, Madam. With your permission, I may be allowed to speak in my mother tongue, Marathi.

**16.02 hours** (Shri Ramen Deka *in the Chair*)

HON. CHAIRPERSON: Yes, please.

*DR. PRITAM GOPINATH MUNDE : Hon. Chairman Sir, I would like to speak in Marathi. If an MP from *Marathwada* rises to speak, in this August House, it is a foregone conclusion that he or she would definitely speak on drought. And that is why when I demanded for a passport office in *Marathwada* region few days ago as many people came to me and asked why I was demanding for it while ignoring the severe drought conditions in *Marathwada*. I know that unfortunately drought is a common phenomena for *Marathwada* but it does not mean that we would not raise any other demand except drought. I am thankful to all for giving me an opportunity to speak on drought conditions. It is really very unfortunate that we are facing this serious situation. Here, we should discuss about how we can deal with this drought condition in future; but in place of that, we are simply discussing and citing examples about how the Central or the State Government have failed to fight this drought. I, being a young MP, feel that we should change our approach towards drought.

Some issues like these should be spared and they should be seen through a social angle. Regarding drought relief, firstly, we should focus on what losses farmers have already incurred and what has been done in that regard. Secondly, we should think about how our farmers would face the drought conditions in future if it happens again and what had been done in past.

Every time, we discuss about farmers' suicides and what was the number in the different regimes. I have a NCRB report right now with me. But instead of going through the data, I think, the steps taken by the Government are more important. We should not make it a sport. We can not be so insensitive. Our Chief Minister met our Hon. Prime Minister last week only and they decided to offer a package of Rs.5200 crore for drought-hit farmers of Maharashtra and I am really very thankful for it. A six week joint action plan has been proposed by our Chief Minister. Through the earlier Memorandum, a demand for Rs.4500 crore was made and Rs.4000 crore has been sanctioned. In addition to this, a supplementary memorandum is also permitted for further relief assistance as it is being treated as a special case. I think it is a great achievement on the part of State and Central Government which cannot be ignored.

We always keep on talking about loan-waiver. But it should not be taken as one time measure. We should take it positively and I think loan-resturcutring is more important. The approach of this Government is to strengthen the last man of our society and not to make him depend on somebody. He should be self-reliant and independent so that he can service his loans. He needs our support in that regard too.

About loan-waiver, we know it very well that it is not confined to this Government only. These loans were taken by the drought-hit farmers of Marathwada during last four years. The BJP Governments at the State and Centre, are in the process of loan restructuring and through this, they are restructuring the loans worth Rs.8500 crore with the concession in the interest charged. It can be regarded as a great achievement.

RBI is not permitting the restructuring of the loans taken during 2012-13. Had the then Congress Government taken a stand that time, the present BJP regime would not have to take up this issue now.

For the last many years, while fighting with drought, Government set up, the cattle shelters. Usually they started it in the month of January or February. But our State Government had started it in the month of August and it is still working properly. For this purpose, Rs.170 crore had been allotted. In Marathwada region 371, cattle shelters have been opened and they accommodate around 4 lac cattles. Government has proposed to waive off the examination fees of all the students of the drought-hit area.

Everybody is talking about the tragic incident of suicide by a school girl in Latur for a bus-pass. Latur is my neighbouring district. It is very unfortunate and painful. Only for a few hundred rupees, that girl had to commit suicide. Hence, our Maharashtra Government has decided to issue bus passes free of cost to every student.

Everybody should come forward for the crop insurance scheme. Every MP and MLA should contribute for the success of this crop insurance scheme. It is not necessary to be in power to do something good for the people. We only keep on blaming the Government. We have been elected by lacs of people and we should keep that in mind and should also work for public awareness. In my district, the farmers have got the insurance cover of Rs.300 crore just because we are working together. We are providing them solar pumps. They are also getting discounts in electricity bills.

Through *Antoday Yojana*, our State Government is providing rice at a rate of Rs.3 /kg. and wheat at the rate of Rs.2/kg. to the poor and needy farmers other than the BPL families. It is a revolutionary decision taken by the Government.

Health issues are also equally important. In my district, we organized a mega health camp and 1.5 lac people got benefitted out of it.

I would like to elaborate upon a few of the schemes being implemented by Maharashtra Government. '*Jalyukta Shivar*' is the most successful scheme of the State Government. During the last one and a half year, works of worth around Rs.2400 crore have already been done and 24 TMC of water has been conserved through it. The Government of Rajasthan and a delegation from Israel had come to study it. We will see its positive effects in the next monsoon. The Soil Health Card and drip irrigation are other important subjects. Atalji had initiated for the River-linking Projects. In the year 2014, Government started this work through different committees constituted by it. It would be a great achievement on the part of the Government.

Rainwater harvesting should be made compulsory not only in urban but also in rural areas. We should keep in mind that not only farmers get affected by drought, Jinning industries and Sugar factories also get affected. Government should take some steps for operating a thermal power plant through the waste water management.

If the farmers are facing so many problems then what would be the fate of farm labourers? The sugar schools should be started again for the children of labourers.

There is no point in blaming each other. I would like to recite some lines written by an unknown poet who said that a farmer should never quit fighting. Time will definitely change. Have patience and keep on fighting.

This is my message to all the farmers. We have the solid support of the State and Central Government and hence we will be able to fight the drought situation vigorously in coming days.

Thank you.

**श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ) :** माननीय सभापति जी, देश में करीब 10-11 राज्यों में 40 करोड़ से ज्यादा लोग सूखे की मार झेल रहे हैं। दिल्ली में सरकार से बड़े-बड़े बयान जा रहे हैं। मुझे बड़ा अफसोस होता है क्योंकि मैं समझता हूं कि सूखा राजनीति का विÂषय नहीं है, लेकिन आज तक इसे राÂष्ट्रीय आपदा घोÂिषत नहीं किया गया। यह राÂष्ट्रीय समस्या है और राज्य भी इसी में आते हैं लेकिन आज तक इसे आपने राÂष्ट्रीय आपदा घोÂिषत नहीं किया। जब घोÂिष्त नहीं किया, आप कितने सार्थक प्रयास कर रहे होंगे, इस बात की हमें पूरी शंका है।

आज से नहीं, आजादी के समय से, 1950-60 के दशक से हमारे नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया जी कहते रहे कि जब तक देश की नदियों को नहीं जोड़ेंगे तब तक सूखा या बाढ़ का स्थायी निदान नहीं हो सकता है। मुझे अफसोस है कि आजादी के 68 साल बीतने बाद भी इसके लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं हुए हैं। सूखा हो या बाढ़, इन दोनों समस्याओं का दो तरह से समाधान हो सकता है। एक, स्थायी निराकरण करने के लिए प्रयास करना पड़ेगा और दूसरा, तात्कालिक प्रभावित लोगों को कैसे राहत पहुंचाई जाए, दोनों स्तर पर सरकार को काम करना होगा, चाहे प्रदेश सरकार हो या राज्य सरकार हो। आप किस तरह से गंभीर हैं, इस बात को मंत्री जी आप अपने उत्तर में बता दीजिएगा।...(व्यवधान) अनुराग जी, हम आपकी बहुत इज्जत करते हैं, आप बहुत गंभीर नौजवान हैं। खाली ट्रेन भेजकर आप राजनीति करना चाहते हैं। झांसी के स्टेशन पर खाली ट्रेन खड़ी करके आप राजनीति करना चाहते हैं। ढाई लाख गांव आज सूखे से प्रभावित हैं, कितने गांवों में ट्रेन का ट्रैक बना हुआ है।...(व्यवधान) यह राजनीति का विÂषय नहीं है। केंद्र की सरकार और प्रदेशों की सरकार मिलकर काम करें। उसी के चक्कर में अभी माननीय सदस्य कह रहे थे कि "इंडियन एक्सप्रेस" के पत्रकार की करेंट लगने से झांसी में मृत्यु हो गई।...(व्यवधान) खाली ट्रेन भेजकर आप पानी पर राजनीति कर रहे हो।

सभापति महोदय, मैं चाहता हूं कि इस समस्या का स्थायी समाधान और निराकरण होना चाहिए। दस राज्यों में सूखे का संकट है। उत्तर प्रदेश समेत मेरी हर ऐसे राज्य के प्रति संवेदना है जहां सूखे का संकट है। मैं आपके माध्यम से देश को बताना चाहता हूं कि समस्या के समाधान के लिए सबसे बेहतर प्रयास अगर किसी ने किया है तो उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री और उत्तर प्रदेश की सरकार ने किया है। मैं यह बात केवल हवा में ही नहीं कह रहा हूं।...(व्यवधान) उत्तर प्रदेश में एक लाख अस्सी हजार बुंदेलखंड के लोग त्रस्त हैं, परेशान हैं, उन्हें समाजवादी राहत पैकेट के नाम से राहत सामग्री दी गई। उस पैकेट में दस किलोग्राम आटा, दस किलोग्राम चावल, पच्चीस किलोग्राम आलू, पांच किलोग्राम दाल, पांच किलोग्राम सरसों का तेल, एक किलोग्राम शुद्ध घी, एक किलोग्राम मिल्क पाउडर, नमक, चीनी, हल्दी आदि चीजों का पैकेट बनाकर दिया गया। यहां बुंदेलखंड के सांसद होंगे, आप उनसे पता कर लीजिएगा। माननीय मुख्यमंत्री जी प्रधानमंत्री जी से मिले। प्रधानमंत्री जी ने भी ट्वीट करके कहा कि हमारी बहुत पोजिटिव बैठक हुई। उस बैठक में माननीय मुख्यमंत्री जी ने बुंदेलखंड के लिए कुछ मांगें रखी थीं। वे मांगें मैं आपके माध्यम से सदन और देश के सामने रखना चाहता हूं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने मांग की है कि सूखा मेमोरेंडम 2015 का अवशेÂा 1123 करोड़ रुपए को मुक्त करें। ओलावृÂिष्ट मेमोरेंडम 2015 का अवशेÂा 4741 करोड़ रुपए है। 7500 करोड़ रुपए उत्तर प्रदेश सरकार ने बांटा और आपने 2800 करोड़ रुपए आपने दिए। हम चाहते हैं कि आप 4741 करोड़ रुपया आप वापिस कीजिए। वÂाऩ 2015-16 के अंतर्गत जनपदों में कम बारिश की बुआई राहत के लिए 1261 करोड़ रुपए का मेमोरेंडम है। बुंदेलखंड और विंध्याचल इलाके जो सूखाग्रस्त हैं, 200 मानव दिवस की मांग मनरेगा के अंतर्गत की है। हम चाहते हैं कि माननीय मंत्री इसे स्वीकार करें। बुंदेलखंड क्षेत्र में मनरेगा के तहत 300 रुपए मजदूरी की मांग उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने की है, हम चाहते हैं कि इसे भी स्वीकार करें। बुंदेलखंड में 24 पेयजल परियोजनाएं हैं, उनके लिए 1689 करोड़ रुपए की मांग को स्वीकार कीजिए।

सभापति जी, ट्रेन की बात बहुत कही गई, 10 हजार टैंकरों की मांग उत्तर प्रदेश सरकार ने की है। हमारी हाथ जोड़कर प्रार्थना है, आप राजनीति करते रहना, लेकिन टैंकर हमें दे दो जिससे उत्तर प्रदेश के जो प्यासे लोग हैं, उनकी प्यास बुझाने का काम पूरी तेजी से किया जा सके। उनकी प्यास बुझाने का काम उत्तर प्रदेश सरकार अपने स्तर पर कर रही है। आज भी 1100 टैंकर उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा बुंदेलखंड में चलवाए जा रहे हैं। भारत सरकार उत्तर प्रदेश से 10 गुना है, इसलिए मैं चाहता हूं कि टैंकरों की मांग को भी भारत सरकार मांगे।...(व्यवधान) हम टैंकर मांग रहे हैं आप दे दो। बड़ी सरकार है, बड़ा खजाना है, आप टैंकर दे दो।...(व्यवधान) बुंदेलखंड की जनता देख रही है कि जब हम बुंदेलखंड की आवाज उठा रहे हैं तो कौन लोग व्यवधान डाल रहे हैं।...(व्यवधान) आप लोग सूखे पर राजनीति कर रहे हैं।...(व्यवधान) अनुराग जी यह गलत बात है।...(व्यवधान) सभापति जी, यह घोर आपत्तिजनक बात है।...(व्यवधान) हम गलत बात को बर्दाश्त नहीं करेंगे।...(व्यवधान)

हमने डॉ. मुंडे जी की बातों को सुना। वे विदर्भ से आती हैं। हमने उनका दर्द सुना। हम बुंदेलखण्ड का दर्द कहेंगे, तो आप नहीं सुनेंगे। ...(व्यवधान) आप कैसी राजनीति करते हो, आपको अफसोस होना चाहिए। ...(व्यवधान)

उत्तर प्रदेश सरकार ने बहुत सारी मांगें की हैं। साथ ही, बहुत सारे साथियों ने मांग की है, उनसे स्वयं को जोड़ते हुए, मैं कहना चाहता हूँ। ...(व्यवधान) आप यह राजनीति बंद करो। आप क्या बीमा दे रहे हैं? मैं कहना चाहता हूँ कि आपके चुनाव घोÂषणा पत्र में यह कहा गया था कि किसानों को डेढ़ गुणा समर्थन मूल्य दिया जाएगा। क्या आपने उनको डेढ़ गुणा समर्थन मूल्य दे दिया? मेरी मांग है और मैं फ़क्र के साथ कह रहा हूँ कि उत्तर प्रदेश की सरकार ने इसके लिए काम किया है। उत्तर प्रदेश की सरकार ने किसानों द्वारा लिये गये बैंकों का साढ़े सोलह सौ करोड़ रुपये का ऋण माफ किया है। हमारी मांग है कि राÂष्ट्रीयकृत बैंकों का पूरा का पूरा कर्ज और विशेÂाकर सूखाग्रस्त इलाकों का कर्ज माफ किया जाए। ...(व्यवधान) आप केवल सूखाग्रस्त इलाकों का कर्ज माफ कर दें। आप वह भी नहीं कर रहे हैं।

**माननीय सभापति:** आप एक मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री धर्मेन्द्र यादव:** देश के सामने संकट है। आप इस पर भी राजनीति कर रहे हैं। इसलिए उत्तर प्रदेश की सरकार ने बहुत सारी मांगें की हैं। ...(व्यवधान) आप कर्ज माफ कर दें, किसानों को डेढ़ गुणा समर्थन मूल्य दे दें, दस हजार पानी के टैंकर दे दें। समाजवादी पार्टी की सरकार ने तो उत्तर प्रदेश में ऐसा करके दिखा दिया। आप भी करके दिखा दीजिए। ...(व्यवधान) आपके चिल्लाने से नहीं हो जाएगा। ...(व्यवधान) उत्तर प्रदेश की सरकार इसके लिए काम कर रही है। बुंदेलखण्ड की जनता इसे जान रही है। वहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की जय-जयकार हो रही है। लेकिन भारत सरकार आज तक ध्यान नहीं दे रही है। यह मेरा आरोप भी है और सवाल भी है। मैं मंत्री जी की बहुत इज़्ज़त करता हूँ, इसलिए कहता हूँ कि आप इसे कर दीजिए, आप भी किसान परिवार से हैं। लेकिन आपकी इज़्ज़त का क्या करेंगे, यदि आप किसानों पर ध्यान नहीं देंगे।

**श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) :** माननीय सभापति महोदय, नियम 193 के तहत आज बहुत ही गंभीर और महत्वपूर्ण विÂषय पर चर्चा हो रही है। मुझे दुख है कि जितना गंभीर विÂषय है, उतनी गंभीरता इस हाउस में दिखायी नहीं दे रही है। अपोजीशन में जो सबसे बड़ी पार्टी है, देखिए, वे कैसे बैठे हैं।

मैं समझता हूँ कि आज देश में जो सूखे की स्थिति है, जब देश के 300 जिलों के लोग सूखाग्रस्त हों और देश की 25 पर्सेंट आबादी संकट में हो, तो इस हाउस में सदस्यों को गंभीरता दिखानी चाहिए। जहाँ तक जल संकट का सवाल है, यह सेहत के लिए, शिक्षा के लिए, पशुओं के लिए भी गंभीर है। खेती में इसका जो प्रभाव है, क्योंकि हमारे देश के 70 पर्सेंट गरीब लोग खेती पर निर्भर करते हैं। आज खेती में उत्पादन कम हो रहा है। किसान खुदकुशी कर रहे हैं और खेती संकट में है। इसका एक कारण जल संकट भी है। इसके और कारण भी हो सकते हैं जैसे खेती की लागतें हैं, ये बढ़ रही हैं। बीज कंपनियों में, मंत्री जी ने स्वयं माना है कि उनकी मोनोपोली है, उन्होंने कहा है कि मोनोपोली तोड़नी चाहिए। इसके लिए सिस्टम बदलना होगा।

मैं समझता हूँ कि सरकार के मुखिया साहब ने कोशिश तो की है, सॉइल हेल्थ कार्ड लाकर, फसल बीमा स्कीम लाकर, प्रधानमंत्री कृÂिष सिंचाई योजना लाकर। उन्होंने नैशनल एग्रीकल्चर मार्केट की बात की है। उसमें केवल 17 पर्सेंट किसानों को ही फायदा होगा क्योंकि 83 पर्सेंट किसानों के पास तो पाँच एकड़ से कम भूमि है, वे तो अनाज मार्केट में बेचते ही नहीं।

पानी का महत्व हमारे जीवन के लिए और खेती के लिए बहुत ज्यादा है। हमारी वाणी में लिखा है - पहला पानी जिओ है। गुरुओं ने हमारी वाणी में पानी को पिता के रूप में बताया है- पवन गुरू पानी पिता। यहां एक दूसरे पर दोÂष लगा रहे हैं। यह नेचुरल कैलामिटी है, क्लाइमेट की वजह से सूखा आता है, लेकिन मैं कह सकता हूं कि अगर सरकारें, देश और समाज इकट्ठा होकर इस संकट से निपटेगा तो लोगों को जो नुकसान हो रहा है, उसे हम कम कर सकते हैं। बड़ी गंभीर बात है। सरकार ने सर्वे किया है कि जल की उपलब्धता देश में 1870 बिलियन क्यूबिक मीटर है, उसमें से

1123 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी का हम उपयोग कर सकते हैं, मगर दुख की बात है कि अभी तक हम 450 बिलियन क्यूबिक मीटर सर्फेस वाटर और 240 बिलियन क्यूबिक मीटर ग्राउण्ड वाटर ही यूज़ कर पाए हैं। इस तरह से हम कुल 690 बिलियन क्यूबिक मीटर वाटर ही यूज़ करते हैं।

आज यहां सूखे पर बहस हो रही है। इसके लिए मैं कहना चाहता हूं कि यूएनओ ने भी रिपोर्ट दी है, प्राकृतिक आपदाओं के कारण दस हजार बिलियन डालर का नुकसान होता है, उसमें से 7,470 मिलियन डालर का नुकसान बाढ़ की वजह से होता है। हमें इस पर गंभीरता से सोचना होगा कि हम इस पानी को कैसे बचा सकते हैं। रिपोर्ट आई है कि बारिशों का 70 प्रतिशत पानी खत्म हो जाता है। मेरा क्षेत्र पहाड़ी क्षेत्र के साथ जुड़ता है, अनुराग जी का भी साथ ही है। वहां से पानी चला जाता है, हमारे खेतों में नहीं आता है। राजस्थान के हनुमानगढ़ से आगे जाकर पाकिस्तान वालों ने बांध लगा लिया, सूरतगढ़ में पानी ही पानी है। अगर हम पानी को यहां संभाल पाएं तो उसके लिए हमें स्कीम बनानी चाहिए। मैंने कई बार बोला है, आज माननीय कृÂिष मंत्री जी यहां बैठे हैं, चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी बैठे हैं, मैं कहना चाहता हूं कि मनरेगा में सबसे ज्यादा प्राथमिकता इसे दें।...(व्यवधान) चौधरी साहब, मैं आपसे एक निवेदन करना चाहता हूं। माननीय प्रधानमंत्री जी से बोल दीजिए कि मनरेगा का सारा पैसा, आपने बहुत अच्छी स्कीम बनाई कि आप तालाब खुदाई के लिए पैसा दे रहे हैं, लेकिन अभी तक किसी के पास पैसा नहीं पहुंचा। मनरेगा वाले अन्य काम करते हैं, कभी टोपे की सफाई, कोई सड़कों पर मिट्टी डालने आदि का काम कर रहे हैं। अगर सारा पैसा तालाबों की खुदाई में, झीलों की खुदाई में लगाया जाए, चेक डैम बनाए जाएं, लो डैम बनाए जाएं तो मैं यकीन से कह सकता हूं कि इंटरलिंक्ड रिवर की बात कहते हैं, हम उसके पक्ष में नहीं हैं। यह दो-दो, तीन-तीन राज्यों के आपसी झगड़े का कारण बन जाएगा और सबसे ज्यादा खर्च आएगा। 11 लाख करोड़ रुपये में अगर हर प्रदेश में पानी को संभालने के लिए कोशिश हो तो देश आगे बढ़ सकता है, इस संकट से निकल सकता है। इसमें एक दिक्कत आती है कि हमारे जो मंत्रालय हैं, पानी का मंत्रालय किसी के पास है, खेती का मंत्रालय किसी के पास है, माइन्स का मंत्रालय की किसी के पास है और फॉरेस्ट मिनिस्ट्री किसी अन्य के पास है। अनुराग जी को मालूम है, जब हम नदियों पर चेक डैम लगाते हैं, हम लो डैम लगाते हैं या जब हम तालाब की खुदाई करते हैं तो माइन्स वाले कहते हैं कि खुदाई न करो, फॉरेस्ट वाले कहते हैं कि यह इनवायरनमेंट का मामला है। इसलिए नेशनल लेवल पर कोई वाटर मैनेजमेंट बोर्ड होना चाहिए, ये चारों मंत्रालय इकट्ठे हों तभी इससे काम बन पाएगा, हम पानी को संभाल पाएंगे।

आज हमारा ग्राउण्ड वाटर नीचे जा रहा है, नीचे जा रहे पानी को खेती के लिए यूज़ करना बहुत महंगा पड़ता है। इसलिए जब तालाब और झीलें बनेंगी तो हम सस्ता पानी खेती के लिए ला सकेंगे।

वन ड्रॉप-मोर क्रॉप का माननीय प्रधानमंत्री जी का जो कांसेप्ट है, उसे सफल करने के लिए ड्रिप इरीगेशन सिस्टम है, उसमें हमें सब्सिडी देनी होगी। आप सब्सिडी कम देते हैं, किसान उसे लगाता नहीं है। किसान अपना नुकसान क्यों करे। इसलिए यदि हम अपने पानी को पिता के रूप में समझें तो हमें पानी की वेस्टेज रोकनी होगी। आज इतना नुकसान हो रहा है? हमने पानी को मिसयूटिलाइज किया, पानी की मिसमैनेजमेंट की और इसका उपयोग नहीं कर पाए, इसलिए हमें ऐसा संकट झेलना पड़ रहा है। इसलिए मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि अगर नेशनल वाटर डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट बोर्ड बन जाए, ये चारों मंत्रालय इकट्ठे हो जाएं तो मैं समझता हूं कि प्रधानमंत्री जी का जो सपना है कि इस देश के किसानों की आमदनी डबल करना है, वन ड्रॉप-मोर क्रॉप का सपना है, वह सफल हो पाएगा।

अंत में मैं एक ही बात कहना चाहता हूं जो हमारे पंजाब की प्रोब्लम है। सूखा दो-तीन किस्म का है। एक सूखा वह है, जहां सूखा पड़ गया और किसान बुआई नहीं कर पाया। हम उसको भी कम्पनसेशन दे देते हैं। एक सूखा वह है जहां बुआई कर ली, लेकिन कम्पलीट फसल नहीं हो पायी। उसको भी हम कम्पनसेशन दे देते हैं। तीसरा सूखा वह है, जो पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश को झेलना पड़ रहा है। वहां बारिश भी सबसे कम हुई और बुआई भी सबसे ज्यादा कर ली, फसल भी सबसे ज्यादा उगा ली और कहा गया कि आपको कम्पनसेशन नहीं मिलेगा, क्योंकि आप पेरामीटर्स पूरा नहीं करते हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि पैरामीटर्स को चैंज किया जाए। हमारा कुसूर क्या है, क्या हमने ज्यादा प्रोडक्शन कर ली, फूड सिक्यारिटी में ज्यादा हिस्सा डाला, हमने अपना पानी खत्म कर दिया, हमने अपनी धरती की शक्ति को खत्म कर दिया देश का पेट भरने के लिए? इसलिए जो नार्म्स हैं, नार्म्स क्या हैं, कहते हैं कि जो प्रोडक्शन है, उसकी ऐवरेज ली जाएगी। प्रोडक्शन हमारी ज्यादा हो जाती है। इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि इन नार्म्स को चैंज करके जो प्रदेश देश के फूड बाउल में योगदान डालते हैं तो उनको ज्यादा कम्पनसेशन देना चाहिए। उनका खर्च केन्द्र सरकार को उठाना चाहिए। हमारा पिछले समय का पैसा पड़ा हुआ है। देश में सबसे कम बारिश हुई और हमें पैसा नहीं दिया गया। इसलिए मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि सिंचाई की योजनाओं को इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में लिया जाए, इसको प्राथमिकता दी जाए, तभी देश ऐसे संकट से बच पाएगा। धन्यवाद।

SHRI PRALHAD JOSHI (DHARWAD): Sir, thank you very much for giving me an opportunity to participate in the debate, when the country is discussing an important issue, that is, drought, water scarcity and the interlinking of rivers. Drought in India is not a new thing. But what is important is how we deal with it.

Drought is not new to India. Between 1802 and 2002, in the last 200 years, the country has experienced 42 severe droughts, almost once in every five years. Between 1900 and 2006, 1,061 million people were affected and 4.5 million people lost their lives. The important thing is around 68 per cent of cultivable land in India is susceptible to drought meaning failure of rains from south-west monsoon. It is a known fact that there are three types of drought – meteorological, hydrological and agricultural, but all put together, the common thread or cause is the shortage of water.

This House is aware of the reality that drought is a natural calamity and it is not man-made. Nobody can be blamed, but we have to understand one thing, that is, drought cannot be prevented, but if properly tackled, the effects can be minimized. This is what we have failed to understand, which is what I feel.

In India, the severity of drought is aggravated due to the bad management of water resources. Whatever reservoirs we have in Karnataka, I will come to it later and tell you how we have failed to utilize it and what the situation today is. I will come to that point later. However, I would like to tell one thing. We are facing problems because of lack of storage facilities, proper distribution network and proper planning for its utilization. India receives around 4,000 billion cubic metres of rain annually or about one million gallons of fresh water per person every day, but the problem, as I said, in its storage and management. India has around 18 per cent of the world's population with 2.3 per cent of geographical area and four per cent of water resources.

It is unfortunate that even after 70 years, after having so much of rain वैसे तो भारत की नेचर ने भारत के ऊपर बहुत उपकार किया है। Many a time we are having almost all types of rich natural resources in the country. In spite of that, in the last 200 years, we had 42 severe droughts. The thing is that in the last 70 years after getting Independence, we could have managed it by proper water management. But we have miserably failed.

Today the situation in the whole country is the worst in the last 40 years. About 246 districts in ten States have been declared as drought-affected during the present fiscal year. There has been 14 per cent deficit in rain especially during the South-Western monsoon. The Central Government is trying to do its best to facilitate the States to fight this drought and to minimise its effect. But ultimately in the federal structure, it is the State which has to tackle the situation. But many States have miserably failed in this. For example, Karnataka is reeling under drought which is said to be the worst in forty years. About 136 *talukas* have been affected badly and they have been declared as drought-hit. The worst among them is the North Karnataka area. The position of dam is a worrying factor. The Northern districts have registered 70 per cent deficiency in rainfall. The Almatti dam in Bijapur District faced the worst drought since its inception. Water catchment is not even half full with the present capacity of 32.23 TMC, while the full capacity of dam is 51.61 TMC. This is the situation. As a result, both the *kharif* and *rabi* crops have been totally wiped out. The analysis of the Revenue Department shows that it is an unprecedented situation with the failure of crops in the same year. According to the data, 74 lakh hectares of the primary *kharif* crop has been lost and eight lakh hectares saw no sowing due to absence of rain.

I have pointed out earlier that the drought is inevitable but the management of it is important. We all know which party was ruling Karnataka State for long years. It is known to all. Look at the electric power situation in Karnataka. The three-phase electric power is supplied for just two to three hours in villages. I would like to explain it. One of the persons by name Girish complained to the State Power Minister about the shortage of power in his village. For having called one or two times, the Power Minister lodged a police complaint and that person was arrested. I would tell you as to how he was arrested. During midnight, the police went to his residence. He did not open the door. But the police broke open the terrace and entered his house and he was arrested. This is how a person who demanded electric power to his village was treated. Supply of electric power for just two to three hours is affecting even the drinking water. Ultimately, people are dependent on the bore well water. When they have to draw water from the bore well, electricity is needed. ...(*Interruptions*) सुरेश जी, आप मिनिस्टर के ब्रदर हैं, इसीलिए आप डिफैंड करते हैं। आप उधर बैठे हैं, आप चुप बैठिये।...(व्यवधान) उधर बैठकर ऐसा करते हैं। ...(व्यवधान) He has now understood the incident that I have narrated. What has happened is that he has been jailed. He has been prosecuted. This is a fact. How is water management done by these people? With all west and east flowing rivers in the State including the major rivers Krishna and Cauvery, the State has a potential of 3,425 TMC of water resources excluding ground water. But given the situation, only 1,695 TMC can be economically utilised for irrigation purpose. Who has ruled the country and the State for the last 70 years? Let them understand this.

Out of 3,475 TMC of water, they have just been able to use 1,695 TMC of water. Though in the Krishna Basin we have got 903 TMC, even after more than 50 years of Congress rule in Karnataka they are not able to utilise 700 TMC of water. And what does their Chief Minister say? Day in and day out he accuses Prime Minister Modi.

What is the situation today? He has recently demanded Rs.12,000 crore. As of now if I can quote the entire country's allocation, Rs.10,275 crore have been released in 2015-16 to the State Government, of which Rs.6,055 crore was released to the State by 31-3-2016 and the remaining Rs.4,220 crore was released on 8-4-2016. But I would like to remind them....(*Interruptions*) ध्रुव नारायण जी, अगर आप उधर बैठ कर बात करते I would have appreciated your concern. You are more

bothered about your leader than the drought. लीडर चली गई, *â€¦* * दलित नेता उधर बैठे हैं। *â€¦* * दलित नेता इधर बैठे हैं, क्या करें यही ये पार्टी है। लास्ट टाइम भी ऐसा ही हुआ था। अभी *â€¦* * भी नहीं हैं। ...(*Interruptions*) Further, the Central Government has released a total of Rs.2,551 crore as the first instalment of Central share in SDRF to the 10 drought affected States.

The 14th Finance Commission has enhanced the State Disaster Response Fund. That also has been released to the States, Rs.61,221 crore has been released. We should appreciate the fact that for the first time ever the Prime Minister himself called the Chief Ministers of all the affected States. This has happened for the first time in the country after seventy years of Independence. The Prime Minister called all the Chief Ministers. For the first time Shri Siddaramaiah appreciated Shri Narendra Modi saying he welcomed this step.

He demanded Rs.12,000 crore and stated that what he demanded was not given. Karnataka Government in the first instance demanded Rs.2,278.7 crore. Out of that, Rs.1,540.27 crore has been released. This is 69 per cent of the amount requested for. Never in the history of the country 69 per cent of the demanded amount was given. When we were ruling in 2011-12, the situation was the same in Karnataka.

We demanded around Rs.6,200 crore but the then UPA Government led by Sonia Gandhi, because ultimately it was Sonia's rule, released just Rs.469 crore which is eight per cent of the demand. But this Government released 69 per cent. And what is your position there? It was released in September 2015. Today in 2016 May, you are yet to disburse Rs.346 crore in the State.

What did the Modi Government do? The Modi Government, without thinking even for rabi, released Rs 723 crore. It has been sanctioned and it is going to be released any time. â€¦ (*Interruptions*) You have not utilized not only this, you are yet to utilize Rs 346 crore. I would also like to tell you that the performance of the Karnataka Government is so low that the target for making of ponds and dug wells was around 1,11,340 but work done is just 8763 which is seven per cent of the total target. ...(*Interruptions*) This is the situation in Karnataka.

I would also like to mention that in Rashtriya Krishi Vikas Yojana, Rs 346 crore was released in 2015-16. The total amount available was Rs 347 crore and the expenditure is Rs 129.23 crore. ...(*Interruptions*) How much money they did not spend? They did not spend Rs 218 crore on Rashtriya Krishi Vikas Yojana. This is as per the statistics. It is their statistics, not mine.

In National Food Security Mission, in 2014-15 the release was around Rs 169 crore and the expenditure is Rs 135 crore. They were not able to spend around Rs 34 crore. â€¦ (*Interruptions*) In 2015-16 which ended recently, in National Food Security Mission, the total fund available was Rs 167 crore which the Centre released. Out of that, they spent just Rs 39 crore. They were not able to spend Rs 127 crore.

I can quote many figures like integrated scheme for oilseed, pulses, palm oil and maize. In that, they have been allotted Rs 13.35 crore and the total fund available was Rs 18 crore. They have spent just Rs 48 lakh. This is how they have dealt.

I quoted the figure of Rs 1540 crore. The amount was released in September. A team of four Ministers constituted by Shri Siddaramaiah went to Haveri, the district of Shri Shivkumar Udasi last month. Just a week back, Shri Siddaramaiah went there and suspended 20 officials. Why was the amount not disbursed? ...(*Interruptions*)

**श्री राजीव सातव (हिंगोली) :** महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद। एक बहुत महत्वपूर्ण विÂषय पर आपने मुझे बात रखने का मौका दिया, मैं आपका बहुत आभार प्रकट करता हूँ। हमारे सभी साथी आज वेल में हैं, लेकिन इस महत्वपूर्ण विÂषय पर, जब किसान की बात आती है, जब देश के किसान की समस्या की बात आती है तो आज हमारे वेल में रहने के बावजूद भी कांग्रेस पार्टी ने मुझे यहाँ पर बात रखने का मौका दिया, मैं यहाँ पर धन्यवाद देना चाहूँगा।

महोदय, अभी हमारे वरिÂष्ठ नेता जोशी जी यहाँ पर बात कर रहे थे और जोशी जी की बात पर मुझे दो लाइन याद आई कि झूठ बोले कौआ काठे, काले कौए से डरिओ, जनता आपको घर भेजेगी,

देखते रहिओ। यहाँ पर यह चर्चा चालू है। रक्षा मंत्री जी दाद दे रहे हैं, मैं धन्यवाद देना चाहूँगा। यहाँ पर हम अकाल के बारे में चर्चा कर रहे हैं। मुझे अपेक्षा थी कि जब अकाल की बात हो रही है, देश के दस राज्यों में अकाल है, देश के दस राज्य इससे जूझ रहे हैं।

मुझे अपेक्षा थी कि हमारे सदन के नेता आदरणीय प्रधान मंत्री जी यहाँ पर होंगे, गृह मंत्री जी यहाँ पर होंगे। ...(व्यवधान) अभी थोड़े दिन पहले आपने राजमाता की बात की। जब राजमाता की बात कर रहे हो तो आपके ट्विटर पी.एम. कहाँ हैं, यह भी हम पूछना चाह रहे हैं। जब ट्विटर पी.एम. की बात हम करते हैं, आपने बात निकाली तो मैं भी आपके साथ यहाँ पर बात करना चाहूंगा। जब ट्विटर पी.एम. की बात हम करते हैं, प्रधान मंत्री जी हर बात पर ट्वीट करते हैं, तो 17 मई, 20014 से 6 मई, 2016 तक मुझे अपेक्षा थी कि प्रधान मंत्री जी अकाल के बारे में कुछ बात करेंगे। अंग्रेज़ी में ड्राउट कहते हैं। तो उन्होंने ड्राउट पर ट्वीट ज़ीरो बार ट्वीट किया है, शून्य ट्वीट किया है। मुझे लगा कि हिन्दी में किया होगा। सूखे पर ज़ीरो बार ट्वीट हुआ, आत्महत्या पर पिछले दो सालों में प्रधान मंत्री जी का ज़ीरो बार ट्वीट रहा। विदर्भ के बारे में शून्य बार ट्वीट रहा। मराठवाड़ा के बारे में एक भी ट्वीट प्रधान मंत्री जी द्वारा पिछले दो साल में हुआ नहीं है। हर रोज़ बीस-बीस ट्वीट प्रधान मंत्री जी के द्वारा होते हैं, लेकिन एक बार भी प्रधान मंत्री जी को सूखे के बारे में, विदर्भ के बारे में, आत्महत्या के बारे में, मराठवाड़ा में परेशान किसान के बारे में बात करने के लिए यहाँ समय नहीं मिला, इससे बड़ा दुर्भाग्य कोई हो नहीं सकता। यहाँ पर हमारे कृÂिष मंत्री बैठे हैं। पिछले दो सालों से आदरणीय कृÂिष मंत्री जी जवाब दे रहे हैं। लेकिन कृÂिष मंत्री जी कितने परेशान हैं? अकाल की सहायता कौन देता है? अकाल की सहायता गृह मंत्री की अध्यक्षता वाली कमेटी देती है। लेकिन गृह मंत्री तो यहाँ बैठे ही नहीं हैं। उनको तो पता ही नहीं है सदन की भावना क्या है। हम बैंक की बात करते हैं तो कृÂिष मंत्री जी कहते हैं कि बैंक को हम ऋण देने में लगाएँगे। कृÂिष मंत्री जी की बात लेकर हम बैंक के पास जाएँगे, तो बैंक हमें दरवाज़े पर खड़ा नहीं करता, यह आज की स्थिति है।

यहाँ पर प्रधान मंत्री नहीं हैं, यहाँ पर वित्त मंत्री नहीं हैं, यहां पर गृह मंत्री नहीं हैं और यहाँ पर वाटर रिसोर्सेज़ मिनिस्टर भी उपस्थित नहीं हैं और अकाल की बात आप कर रहे हैं। यह कौन सी बात आप कर रहे हैं? अगर आप देखेंगे तो बीजेपी के वरिष्ठ नेता भी यहाँ पर उपस्थित नहीं हैं। इससे दिखता है। ...(व्यवधान) पर्रिकर साहब अकेले वरिÂष्ठ नेता नहीं हैं। अगर पर्रिकर जी को अकेले वरिष्ठ नेता आप मानते हैं तो पर्रिकर जी को आगे एड्रैस करेंगे। ...(व्यवधान) ये अकाल की बात कर रहे हैं। मुझे याद है कि 20 मार्च, 2014 को मेरे ज़िले में प्रधान मंत्री आए थे। प्रधान मंत्री पद के उम्मीदवार थे और तब बड़ा मशहूर मामला था - चाय पर चर्चा। हमारे यहाँ डाबड़ी में चाय पर चर्चा के लिए प्रधान मंत्री आए थे। हमें भी लगा था कि ये जब आगे प्रधान मंत्री बनेंगे तो बहुत कुछ करेंगे। दो साल हो गए लेकिन उस चाय पर चर्चा में भाग लेने वाले विट्ठल राठौर नाम के किसान ने 9 महीने में खुदकुशी की। ...(व्यवधान) कोई मिलने नहीं गया। इलैक्शन के वक्त आप वोट लेने के लिए जाते हैं। बाद में जिस किसान ने खुदकुशी की, उसके घर कोई नहीं गया।...(व्यवधान) हमारे राज्य के मुख्य मंत्री एक किसान के घर गए जिसने आत्महत्या की। उसकी पत्नी से वह मिले और आठ दिन में उस पत्नी ने आत्महत्या की। राज्य का मुखिया जाता है, उसके बाद भी वह विश्वास नहीं दिला सकता, यह सरकार की स्थिति है। इसलिए दिखता है कि किस प्रकार से सरकार का काम चल रहा है।

सभापति जी, मैं आदरणीय अध्यक्षा जी को बहुत बहुत धन्यवाद देना चाहूँगा। उन्होंने चार-पाँच दिन पहले स्पीकर रिसर्च इनीशियेटिव का आयोजन किया था। उसमें ड्राउट पर चर्चा हुई, उसमें वाटर पर चर्चा हुई। उसमें बड़ी अच्छी चर्चा हुई। ...(व्यवधान) महोदय, अभी तो शुरू किया है। दो-तीन मिनट का समय दीजिए। ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** टाइम की शॉर्टेज है।

**श्री राजीव सातव :** उस चर्चा में जो रिसर्चर्स आए थे, मंगला राय जी थे और अनेक सांसद भी उसमें थे। उस चर्चा में जो रिसर्चर आए थे, उन्होंने कहा था कि राज्य सरकार को एक साल पहले हमने बताया लेकिन एक साल में राज्य सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया।

अकाल पड़ने वाला है, बहुत बुरी हालत आने वाली है, लेकिन बताने के बावजूद राज्य सरकार ने कुछ किया नहीं। मनरेगा के अन्तर्गत वहां पर कोई काम नहीं हुआ है और यहां पर मैं आदरणीय सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करना चाहूंगा कि अगर किसी को किसी ने राहत दी है तो वह सुप्रीम कोर्ट ने राहत दी है।

धन्यवाद।

**श्री चिराग पासवान (जमुई) :** सभापति महोदय, आज आपने बजट सत्र के दूसरे हिस्से में सबसे महत्वपूर्ण चर्चा में मुझे भाग लेने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करना चाहता हूं।

पिछले दो साल से बारिश कम हो रही है और इस वजह से सूखे जैसी त्रासदी की आशंका तो पहले ही थी, लेकिन क्या इस भयावह सूखे की वजह सिर्फ कम बारिश और बारिश पर हमारी निर्भरता है? मेरा मानना है कि बारिश की कमी के अलावा हमारी प्लानिंग और हमारे प्रबन्धन की भी कमी है और हममें यह कमी दशकों से रही है। हम खतरे को जान-बूझ कर अनदेखा करते हैं। आंकड़े मेरे पास भी हैं कि किस तरीके से उत्तर प्रदेश और महाराÂष्ट्र जैसे लगभग 11 राज्यों के 256 जिले सूखे से प्रभावित हैं, सूखे की चपेट में है, लेकिन मैं इन आंकड़ों में नहीं पड़ना चाहता। हकीकत यह है कि अगर एक भी जिला सूखे से प्रभावित होता तो हमें इतना ही दर्द होता। अगर हमारे एक भी किसान भाई को सूखे की वजह से आत्महत्या करनी पड़ती तो हमें इतना ही दुख होता। मैंने सदन में इससे पहले भी इस बात को कहा था कि कुछ ऐसे विÂाय हैं, जिनमें हमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर चर्चा करने की जरूरत है और यह विÂषय उन्हीं में से एक है।

हमें विरासत में क्या मिला और क्या नहीं मिला, इस पर चर्चा करने से ज्यादा जरूरी है कि हम विरासत में क्या छोड़कर जाने वाले हैं। पिछले 60 सालों में इन्होंने देश निर्माण में क्या किया, क्या नहीं किया, उससे ज्यादा जरूरी इस बात की चिन्ता करना है कि आज की इस संकट की स्थिति में इनका क्या योगदान रहने वाला है, जो आने वाले समय में देश और दुनिया को याद रहे। इसी क्रम में मैं अपनी लोक जनशक्ति पार्टी की तरफ से दो सुझावों पर बहुत ही संक्षेप में अपने विचार रखना चाहता हूं।

सबसे पहला इंटरलिंकिंग ऑफ दि रीवर्स है, नदियों को जोड़ने की योजना, काफी समय से हम इसके बारे में सुनते आ रहे हैं। मुझे विश्वास है कि यह एक ऐसी प्रभावशाली योजना है, अगर सही मायनों में धरातल पर उतर जाये तो पानी से जुड़ी हुई हमारी अधिकांश समस्याओं का इससे हल हो सकता है। इंटरलिंकिंग ऑफ दि रीवर्स देश भर में एक पैटर्न हम लोगों ने देखा है कि कुछ ऐसे इलाके हैं, जहां पर ज्यादा बारिश होती है। कुछ ऐसे इलाके हैं, जहां पर एवरेज बारिश होती है। कुछ ऐसे इलाके हैं, जहां पर न के बराबर बारिश होती है। मैं जिस प्रदेश बिहार से आता हूं, वहां पर भी हमने देखा है कि एक कोसी की बैल्ट है, जो बाढ़ से प्रभावित रहती है, पर कुछ ऐसे इलाके हैं, जो कि सूखे से प्रभावित रहते हैं। मेरे खुद के जमुई लोक सभा क्षेत्र में, जिसमें शेखपुरा जिले की शेखपुरा विधान सभा भी आती है, उसके तो कुछ घाटकुसुम्बा जैसे प्रखण्ड ऐसे हैं, जो कि बाढ़ से प्रभावित रहते हैं और अरिआरी जैसे प्रखण्ड, जहां पर सूखा पड़ा रहता है। मुझे विश्वास है कि अगर यह इंटरलिंकिंग ऑफ दि रीवर्स किया जायेगा और ऐसे इलाके, जहां पर ज्यादा पानी है, जहां पर वाटर टेबल हाई है, उसको डाइवर्ट करके, चैनलाइज़ करके ऐसे इलाकों में भेज दिया जाये, जहां पर कम पानी है तो इस योजना के बहुत ही सकारात्मक परिणाम देखने को हम लोगों को मिलेंगे और इससे जुड़ी हुई पेयजल की समस्या हो, सिंचाई की समस्या हो या फिर सूखे और बाढ़ की समस्या हो, उस पर काफी हद तक अंकुश लगाने में हम कामयाब रहेंगे। हमारी एन.डी.ए. की पहली सरकार ही इस योजना का प्रस्ताव लेकर आई थी। मुझे उम्मीद है कि हमारी आज की मौजूदा एन.डी.ए. की सरकार इसको पूर्णतया धरातल पर उतारने का कार्य करेगी।

दूसरा प्रस्ताव, जिस पर मैं अपने विचार रखना चाहता हूं, वह वाटर पॉलिसीज़ को लेकर है। यह जरूरी है कि आज के समय में कुछ जल नीतियों के ऊपर हमें पुनः कार्य करने की, उस पर पुनः चर्चा करके उन्हें सुधारने की, उन्हें और मजबूत करने की, सूखे से निपटने के लिए जरूरी है कि केन्द्र और राज्य सरकारें मिलकर जल संरक्षण के साथ-साथ जल प्रबन्धन की एक ऐसी प्रभावी योजना तैयार करें, जिससे अगर कभी कोई ऐसी परिस्थिति आती है कि पानी कम हो तो कम से कम देशवासियों को कम पानी का एहसास न हो, उन्हें इसके द्वारा आने वाली कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

हमने खाद्य सुरक्षा कानून की सौगात तो देशवासियों को दी, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर मेरा मानना है कि खाद्य सुरक्षा जल सुरक्षा के बिना पूर्णतः अधूरी है। जरूरी है कि हमें इस सदन में बैठ कर जल सुरक्षा कानून पर भी चर्चा करने के लिए एक ऐसा कानून बनाये जाने की, जैसे भोजन का अधिकार हमने सब को दिया है, उसी तरीके से पीने के पानी का कानूनी अधिकार हम अपने देशवासियों को दे सकें, इस पर भी मैं चाहूंगा कि सदन इस पर भी चर्चा करे। हमें अपने जल संसाधनों का बेहतर प्रबन्ध करना होगा, जिसके लिए कि शायद और बेहतर और प्रभावी वाटर पॉलिसीज़ की जरूरत है, क्योंकि सिर्फ इसी के जरिये हम सूखे और पानी की कमी के असर को सीमित कर सकते हैं।

महोदय, सूखे से लड़ने की जो इच्छाशक्ति हमारी एनडीए की सरकार ने दिखाई, वह इसी बात से साफ जाहिर होती है, जिस तरीके से हमारे प्रधानमंत्री जी ने इस मसले पर अपनी संजीदगी दिखाई।

मैं धन्यवाद देना चाहूंगा हमारे प्रधानमंत्री जी का, जिन्होंने प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर एक हल निकालने की कोशिश की। साथ ही मैं धन्यवाद करना चाहूंगा हमारे वित्त मंत्री जी का भी, जिन्होंने पहले ही तमाम राज्यों को हर संभव सहायता का आश्वासन दे रखा है। मैं धन्यवाद करना चाहूंगा हमारे रेल मंत्री जी का भी जिन्होंने प्रभावित इलाकों में रेल के माध्यम से पानी भिजवाने का काम किया। सर, ये टेंपरेरी सोल्यूशंस हैं, जरूरत है हमें परमानेंट सोल्यूशंस पर काम करने की, एक ऐसी व्यवस्था स्थापित करने की जिससे कि आने वाले समय में कम से कम हमें इस तरह की भयावह तस्वीरें देखने को न मिलें, जिस तरीके से टेलीविजन या प्रिंट मीडिया के माध्यम से सूखा प्रभावित इलाकों की जो तस्वीरें हम लोगों ने देखी, आने वाले समय में ऐसी भयावह तस्वीरें हम लोगों को देखने के लिए न मिलें।

सर, अंत में अपनी बातों को समाप्त करने से पहले इस विश्वास के साथ कि आज इस चर्चा के बाद सरकार जो भी निर्णय ले, वह एक परमानेंट सोल्यूशन के तौर पर हमारे देश के सामने प्रस्तुत हो और जो भी निष्कर्ष निकले, वह इतना ठोस और मजबूत हो कि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को जल जैसी अमूल्य सौगात, अमूल्य धरोहर सुरक्षित तौर पर सौंप कर जा सकें। इन्हीं बातों के साथ बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) :** सभापति महोदय, आपने बहुत महत्वपूर्ण चर्चा पर मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको हृदय से धन्यवाद देता हूं। मैंने तमाम मित्रों के भाÂषण सुने हैं। मैं अपनी बात को बुंदेलखंड और नर्मदा से बाहर नहीं ले जाऊंगा, जो मैं जानता हूं, सिर्फ उतनी ही बात करूंगा। एक प्रार्थना जरूर आपके माध्यम से सदन से है कि सूखे से निपटने के लिए जो सकारात्मक प्रवृत्ति हमें चाहिए, मुझे लगता है कि हम सब उस पर बहुत गंभीरता से विचार करें। हम इस बात को नकार नहीं सकते हैं कि जब से देश आजाद हुआ है, तब नहीं उसके पहले से भी इस देश के साथ में बड़ा Âषड़यत्र हुआ है। ऐसा नहीं है कि हमारे नीति शास्त्री या हमारे विचारक अपनी बात नहीं कह गए। मैं हमेशा सदन में उस बात को कोट करता हूं, शायद तीसरी बार कह रहा हूं। दैशिक शास्त्र में लिखा है कि जब भी आप धन को नजरंदाज करेंगे और द्रव्य पर ध्यान देंगे और द्रव्य की ताकत बढ़ेगी तो ये परिस्थितियां सामने आनी ही हैं। धन क्या है? हमारी जमीन, हमारे जंगल, हमारे जानवर और हमारा जल। अगर आज सूखे से कोई प्रभावित है तो ये चारों चीजें प्रभावित हैं। लोग पैसे की मांग कर रहे हैं। जिस द्रव्य की आलोचना हमारे उन मनाषÂिायों ने की थी, हम उसके इर्द-गिर्द घूमने की कोशिश कर रहे हैं। यह तात्कालिक प्रभाव हो सकता है लेकिन यह स्थायी समाधान कभी नहीं हो सकता है।

मैं मध्य प्रदेश से आता हूं और बुंदेलखंड से आज संसद सदस्य हूं। नर्मदा को मैंने किनारे चलकर देखा है, वह ग्लेशियर की नदी नहीं है। लेकिन आज देश के लगभग 285 शहर और कस्बे उससे पानी पी रहे हैं और जो किनारे पर सिचांई कर रहे हैं, उनकी कोई संख्या नहीं है। मेरा कहना है कि सदन क्या इस पर विचार करेगा? आज भी हमारे पास में पशुधन की संख्या का वाजिब अनुमान नहीं है। चारागाहों का अनुमान नहीं है, बल्कि हमने उन्हें घटाया है। आज ही एक अखबार में मैं दिल्ली की रिपोर्ट पढ़ रहा था। यहां पर 1,011 तालाबों में से, जो आंकड़ा कल मैंने एक अखबार में पढ़ा, यह सामयिक है, कुल 1,011 तालाबों मे से कुल 971 तालाब दिल्ली में बचे हैं। हम दुनिया की बात न करें, दिल्ली वह है

जहां हम बैठकर यह चर्चा कर रहे हैं। वहां 40 का अस्तित्व समाप्त हो गया, उसमें 338 सूखे हैं, 321 में पानी है, लेकिन वह गटर का पानी है, अतिक्रमण 168 पर हुआ है, आंशिक रूप से 70 और पूरी तरह से 98 तालाब यहां समाप्त हो गए हैं, यह राजधानी का हाल है। तालाबों पर जो निर्माण हुए हैं, वहां 117 तालाबों पर अट्टालिकाएं खड़ी हो गई हैं। उसमें कहते हैं कि 78 कानूनी हैं और 39 अवैध हैं।

**<u>17.04 hours</u>** (Shri Hukum singh *in the Chair*)

मैं ऐसे ही टीकमगढ़ का उदाहरण दूंगा, बुंदेलखंड में 1,065 उस समय के परमारकालीन और चंदेलकालीन तालाब थे जिनमें आज कुल 450 बचे हैं। मैं आपके माध्यम से सदन से यह कहना चाहता हूं कि अगर हमने पुरानी विरासत को ही संभालकर रखा होता तो यह संकट आज पैदा न होता। अगर हमें चर्चा करनी है, तो आज कितने दिन बचे हैं? हम नीति आयोग के पास बुंदेलखंड के सांसद गए थे। हमने उनसे आग्रह किया कि 22 काम करने के दिन हमारे सामने बचे हैं। अगर वह यंत्रों से नहीं हो सकता है तो वह काम नहीं हो सकता है। वÂर्षा आने के बाद में किसी भी तालाब की रिसिल्टिंग नहीं हो सकती है। आज छोटा तालाब या बड़े तालाब की रिसिल्टिंग करेंगे तो वही समाज, जिसके दरवाजे पर वह तालाब है, उससे वह निस्तार करेगा, सिंचाई करेगा और उससे वाटर लेवल भी बढ़ेगा। लेकिन, हम ने उसको प्राथमिकता नहीं दी। राज्य की पैरवी करने वाले तमाम लोगों ने अपनी पैरवी की है, मैं दलीय आधार पर नहीं कहना चाहता हूं, लेकिन मैं बड़ी विनम्रता से पूछना चाहता हूं कि आज से तीन महीने पहले सूखे ने देश के सामने दस्तक दे दी थी। मैं प्रधानमंत्री जी को बधाई दूंगा, जिस समय उन्होंने राज्य के प्रमुखों को बुलाया था, क्या उन्होंने अपनी प्राथमिकतायें तय की, क्या उन्होंने रिसिल्टिंग के लिए पैसा दिया? बजट का पैसा बजट पास होने के बाद जायेगा लेकिन अगर आपके पास में जो काम करने के दिन हैं, उस समय आपके पास संसाधन नहीं है तो यह मौसम किसी का इंतजार नहीं करेगा, पानी किसी का इंतजार नहीं करेगा, उसके बाद आप उसको ठीक नहीं कर सकते हैं। क्या हम इस पर विचार करेंगे?

सूखा सिर्फ आदमी को परेशान नहीं करता है, आदमी तो एक जगह से दूसरी जगह चले जायेंगे, लेकिन मवेशी कहां जायेंगे? जहां सूखा है, वहां घास नहीं मिलती है, हम लाख दावे करें, परिवहन करके पशुओं का पेट नहीं भर सकते हैं, यह जमीनी सच्चाई है। जो गांव में रहते हैं, उससे उनका सामना हुआ है, वे अच्छी तरह से जानते हैं कि यह तात्कालिक समाधान नहीं है, कोशिश की जा सकती है लेकिन उसका पेट नहीं भरा जा सकता है।

मुझे बड़े दुःख के साथ कहना पड़ रहा है और जहां तक काम करने की बात है, मैं बुंदेलखंड से चुन कर आया हूं, हमारे इलाके में आल्हा की पत्नी के नाम पर एक बेला ताल है। बिना सरकारी खर्च के वह तालाब जीवित हो गया और आज उसमें कम से कम डेढ़ मीटर पानी है। ऐसा नहीं है कि यह नहीं हो सकता है, हमारे बुजुर्गों ने जो व्यवस्था दी है, उसके कैचमेंट पहले से भूगोल के आधार पर बने हुए हैं। लेकिन हम ने उनको गंदा करने का काम किया है। इसलिए हमें सूखे के कारणों को जानना पड़ेगा।

सभापति महोदय, जहां पर कैश क्राप्स होती हैं, मैं नरसिंहपुर जिले में पैदा हुआ हूं, जहां पर एशिया महाद्वीप का सबसे उपजाऊ भूमि है। लोग कहते हैं कि जब से वहां पर नर्मदा की कृपा है तब से आज तक नरसिंहपुर में अकाल नहीं पड़ा। आज हमारे यहां तीन सौ फीट के बाद पानी मिल रहा है। हमारी बारहमासी जितनी नदियां थीं, सारी की सारी सूख गईं।

वÂर्ष 1996 में जब मैं बंजर विकास भूमि की सब-कमेटी का सदस्य था, मैं ग्रामीण विकास मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं, मैंने कहा था कि सब लोग नर्मदा से लेने काम करना चाहते हैं, उसे देने का काम कोई नहीं करना चाहते हैं, वह ग्लेशियर से निकलने वाली नदी नहीं है। हमने अनेक बार कहा कि जो बंधान प्रणाली नरसिंहपुर जिले की है, जबलपुर की पाटन तहसील की, वह उनकी जीवन रेखा है। वह नर्मदा को जल देने का सबसे बड़ा तंत्र था। लेकिन किसान गलत नीतियों के कारण परेशान हुआ। वे बच्चों को पढ़ाने के लिए कैश क्राप्स की तरफ गये, पहले हम सोयाबिन की फसल की तरफ गये और अब गन्ने की फसल की तरफ गये, उसका यह परिणाम हुआ कि हमारी बारहमासी चलने वाली नदियां सूख कर खत्म हो गईं और आज नदियां नहर बन गईं। रानी अवंती बाई सागर की नहरों से आज उन नदियों में पानी डाले तो डाले, वरना एक बूंद पानी उनमें नहीं बचता है। यह परिस्थितियां हमने पैदा की है, यह हमारी गलतियों का परिणाम है। हम इस पर कभी विचार करेंगे कि हमारी जो रिचार्जिंग की परम्परागत सिस्टम थी, पत्थरों से रिचार्जिंग नहीं होती है, लाल मिट्टी से रिचार्जिंग नहीं होती है। हमारी बहन जी अभी बोल रही थीं, मैं जीओलॉजी का छात्र रहा हूं। अगर रिचार्जिंग के सिस्टम के बारे में सोचना है तो रिचार्जिंग की जो जमीन है, काली मिट्टी होगी तो रिचार्जिंग होगी, बाकी अन्य जगहों पर रिचार्जिंग नहीं होगी। रेत से रिचार्जिंग हो सकती है लेकिन वह पानी आपको मिलेगा या किसी और को मिलेगा, इसका दावा कोई नहीं कर सकता है। इसलिए मुझे लगता है कि तंत्र बनाने से पहले क्या हम इस पर बात न करें? यह सदन केवल आलोचना करने के लिए नहीं है। अगर सरकार ने गलती की है तो आप आलोचना करिए लेकिन सरकार ने चेताया, भारत सरकार की जितनी हिस्सेदारी है, उसने तय की, सदन में एक प्रश्न के जवाब में कृÂिष मंत्री जी ने कहा था कि आपदा का पैसा बजट पास होने के 48 घंटे बाद दे देंगे। बजट कानूनी बाध्यता है। इसलिए मैंने कहा कि राज्य सरकारों के पास जो समय था, क्या राज्य सरकारों ने उसका वाजिब उपयोग किया?

सभापति महोदय, सबसे पहला प्रश्न है कि जब हम केन्द्र को कटघरे में खड़ा करते हैं तो क्या हम अपनी जिम्मेदारी के बारे में बताते हैं, अगर आप यहां खड़े होकर यह कहते कि हमने इतना काम कर दिया है, उस प्रत्याशा में हम इतना काम कर सकते हैं, बशर्ते कि आप आश्वासन दें, तो मैं दावा करता हूं कि उसमें भारत सरकार कहीं भी पीछे नहीं है। जब नीति आयोग के सामने सारे माननीय सदस्य गये थे तो नीति आयोग ने कहा कि आप 20 दिन का प्रोग्राम बनाइए, आप तीन दिन के अंदर अपनी कार्य योजना भेजिए। यह काम मराठवाड़ा के बाकी हिस्सों में भी हो सकता था। लेकिन, मुझे लगता है कि कहीं न कहीं हम सिर्फ आलोचना को इस गति के साथ कहें, यह उचित नही होगा।

इसलिए मैं बड़ी विनमृता के साथ कहना चाहता हूं कि कुछ ऐसे विÂषय हैं जिनपर तात्कालिक रूप से समाधान की जरूरत है और हमें करना भी चाहिए। जैसे हमारे यहां हुआ है, हमने अपने जिले में किया है, लेकिन थोड़ा विलंब हमें भी हुआ। पैसा पंचायतों के पास जाता है। क्या हम पंचायतों को कंक्रीट के काम करने से नहीं रोक सकते? गर्मी की फसलें जो तीन गुना से ज्यादा पानी का उपयोग करती हैं, औसत खेती के अलावा, क्या उनका पहले से फरमान जारी करके वोनी नहीं रोक सकते। यह काम सरकारें कर सकती हैं, यह राज्य सरकारों का काम है। पंचायत के स्तर पर जो फैसले किए जाने चाहिए, अगर इन संभावनाओं को देखकर काम किया जाता तो विकराल परिस्थिति को बढ़ने से रोका जा सकता था। अगर हम तय करते कि वास्तव में पशुओं के पास चारा नहीं है और उन जल प्रबंधनों को, जिन्हें हमने सिंचाई के नाम पर बाहर कर दिया, आज सरकार के सामने रो रहे हैं। पानी कोई सरकार नहीं पैदा कर सकती, प्रबंधन कर सकती है, लेकिन खत्म हुए पानी को तत्काल लाकर नहीं दे सकती। इसलिए मुझे लगता है कि कुछ ऐसे रास्ते जिनके बारे में हम सब मिल-जुलकर कोई चार्टर बनाएं कि वास्तव में आपदा के आधार पर युद्ध स्तर पर कौन से काम कर सकते हैं। मुझे लगता है कि युद्ध स्तर पर एक ही काम हो सकता है कि हमारे पास जितने बचे हुए दिन हैं, हमारे पास जो जल स्रोत सूखे पड़े हैं, उनकी रीसिल्टिंग का काम युद्ध स्तर पर हो सकता है।

मनरेगा की बात आई थी। भारत सरकार ने एक सर्कुलर निकाला। पहले पंचायत स्तर पर 40:60 का रेशियो था। उन्होंने उसे जिले का बना दिया। नीतियां तत्काल नहीं बदली जा सकतीं। उस कम्पोनेंट को जिसमें मजदूरों का 60 प्रतिशत है, घटाया नहीं जा सकता। लेकिन एक रास्ता निकल गया कि जिले के स्तर पर अगर 60 और 40 का प्रतिशत है तो शहरों के पास की पंचायतें जहां मजदूर नहीं हैं, वहां यंत्रों से काम होकर इस काम को गति दी जा सकती है। मैं आपके माध्यम से कहूंगा कि अगर हम इन सब बातों पर चर्चा करेंगे तो ज्यादा बेहतर समाधान हमारे सामने होगा।

मैंने अपनी बातों को अपने अनुभव के आधार पर कहा है। मैं भारत सरकार से एक आग्रह जरूर करना चाहता हूं कि क्या हम फंडिंग पैटर्न को बदल सकते हैं। कहीं न कहीं कानूनन आपकी बाध्यता होगी, लेकिन जब ऐसी परिस्थितियां हमारे सामने आती हैं तो प्रत्याशा में राज्य सरकारों या जो लोग काम कर रहे हैं, उन संस्थागत लोगों को पैसा देने का काम हम कर सकते हैं। क्या इस वित्तीय प्रबंधन पर कहीं न कहीं कोई मौनीटरिंग का सिस्टम होगा? जैसे आप दीनदयाल अवसंरचना की बात करते हैं। क्या इसे डिज़ास्टर मैनेजमेंट की तर्ज पर उस मौनीटरिंग के बारे में कहा जा सकता है?...(व्यवधान) राज्य पैसा लेते हैं। राज्यों ने जो काम-काज किया, क्या सैटेलाइट के माध्यम से उन कार्यों का मूल्यांकन करके उस पर कभी बहस होगी, कभी उस पर चर्चा और मॉनीटरिंग होगी। तब कहीं हम इस घपले को रोक पाएंगे। बुंदेलखंड में पैसे की बर्बादी को हमने अपनी आंखों से देखा और आज हम उस बर्बादी का परिणाम भुगत रहे हैं। मैं इस अवसर पर उसकी चर्चा नहीं करना चाहता। मैं किसी को दोÂषी नहीं ठहराना चाहता।

यादव जी चले गए। उत्तर प्रदेश के बारे में नीति आयोग खुलेआम कह रहा है। जमीन पर जो दिखता है, वह यहां कहने पर नहीं लगता।...(व्यवधान) इसलिए मैं कहूंगा कि हम सब सकारात्मक भाव से इस आपदा से निपटने के बारे में सोचें। यह भी सोचें कि नीतियां काफी उल्टी चल गई हैं। इन्हें काबू में लाने के लिए अभी बहुत कुछ करना होगा। मैं मानता हूं कि यह सरकार कर रही है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री राम कुमार शर्मा (सीतामढ़ी) :** सभापति महोदय, आपने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर मुझे बोलने का मौका दिया, मैं राष्ट्रीय लोक समता पार्टी की ओर से आज की स्थिति पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। भारत प्राचीन काल से कृÂिष प्रधान देश रहा है और आज भी देश की बहुत बड़ी आबादी कृÂिष पर निर्भर है। अपनी आजीविका के कारण लाखों लोग कृÂिष पर ही आधारित हैं। इस कारण खेती पर निर्भर 59 प्रतिशत वे परिवार हैं जो भूमिहीन श्रेणी में आते हैं। 20 प्रतिशत एक से दो हेक्टेयर भूमि के मालिक हैं और दो से पांच हेक्टेयर और पांच से दस हेक्टेयर तथा दस हेक्टेयर से ऊपर क्रमश: तीन प्रतिशत और सात प्रतिशत लोग ही हैं। इस आंकड़े से स्पÂष्ट है कि देश में आज खेती किस दुर्दशा में पहुंच गई है। आज किसान अलाभकारी खेती के कारण आत्महत्याएं कर रहे हैं।

कृÂिष का प्राण जल है और यह निर्विवाद सत्य है कि पिछले दो वÂर्षों से देश में कमजोर मानसून के कारण सूखे की स्थिति होती जा रही है। वर्तमान में सरकार ने स्पÂष्ट रूप से स्वीकार किया है कि देश की 25 प्रतिशत आबादी सूखे की चपेट में है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराÂष्ट्र झारखंड, कर्नाटक विशेÂष रूप से सूखे की चपेट में है। परंतु यदि इस संबंध में गहराई से अध्ययन किया जाए तो स्पÂष्ट होता है कि देश के दस राज्य सूखे की चपेट में आ चुके हैं। देश के 678 जिलों में से 254 जिलों में सूखे की काली छाया छाई हुई है।

गत दो वÂर्षों से देश में सूखे की स्थिति बनी हुई है। समाचार पत्रों के माध्यम से जैसी मेरी जानकारी है कि इन वÂर्षों में वÂर्ष 10 से 15 प्रतिशत कम हुई है। किन्तु इस इस वÂर्ष समाचार मिल रहा है कि देश के बड़े-बड़े जलाशयों में भी केवल 23 प्रतिशत पानी उपलब्ध है। यह विचार करना चाहिए कि वÂर्षा का जल या जल की उपलब्धता केवल 10 से 15 प्रतिशत कम हुई है। परंतु जल संचय क्षमता 77 प्रतिशत कम कैसे हो गई, यदि इस पर हम गहन अध्ययन करें तो मैं समझता हूं कि जो देश में विश्व की बढ़ती उष्णता के कारण जलवायु में परिवर्तन स्वरूप अनिश्चितता पैदा हुई है। उसके कारण देश में वÂर्षा भी अनिश्चित हुई और ये अनिश्चित समय के हिसाब में ही नहीं स्थानों के दृÂिष्ट से भी है।

पिछले वÂर्षों में मैंने देखा है कि देश में जिन क्षेत्रों में सूखा हुआ करता था उसमें बाढ़ आई और जो बाढ़ प्रभावित क्षेत्र हुआ करता था उसमें सूखा पड़ा। इसी का परिणाम है कि वÂर्षा के कमी का प्रतिशत और जल संचय क्षमता का प्रतिशत में काफी अन्तर हो गया है। इसलिए अब जरूरत है कि देश में जल संचय क्षमता को बढ़ाना होगा। अन्यथा आगामी 20-25 सालों में अन्य वस्तुओं की तरह जल का भी आयात करना देश की बाध्यता हो जाएगी। पिछले वÂर्षों में सरकार के जल संसाधन मंत्रालय ने पुÂिष्ट की है कि देश में वार्षिक जल की उपलब्धता 4 हजार बिलियन क्यूसिक मीटर होती है जिसमें से उष्णता और भाप के कारण होने वाली कटौती को छोड़कर जल की उपलब्धता का आकलन 1 हजार 869 बिलियन क्यूसिक मीटर माना गया है। किन्तु इस मात्रा में से भी 1 हजार 123 बिलियन क्यूसिक मीटर जल उपलब्ध होने का आकलन किया जाता है क्योंकि शेÂष जल प्रवाह जैसी कटौती के बाद उपलब्ध है। नेशनल कमीशन फॉर एन्टीग्रेटेड वॉटर रिसोर्सेज डेवलपमेंट ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि देश की जल की आवश्यकता को पूरा करने के लिए जल संचय क्षमता 458 बिलियन क्यूसिक मीटर जरूरी है। किन्तु सेंटर वॉटर कमीशन ने एक अध्ययन कर एक यह आकलन किया है कि देश में अभी 225 बिलियन क्यूसिक मीटर जल संचय क्षमता स्थापित हैं। उपरोक्त जानकारी सदन के समक्ष रखने का मेरा उद्देश्य यही है कि सरकार समस्या के समाधान को जाने और उस समाधान के लिए ठोस कदम उठाए ताकि समस्या का समाधान हो सके।

मैं सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता हूं, प्रधानमंत्री मोदी जी और वित्त मंत्री जी के प्रति उन्होंने मनरेगा के तहत प्रत्येक गांव में जलाशय निर्माण के सोच का समर्थन एवं प्रशंसा करता हूं और इसका समर्थन करता हूं।

किन्तु मैं यह भी कहना आवश्यक समझता हूं कि इस सोच को केवल सोचकर ही नहीं छोड़ दिया जाए बल्कि समयबद्ध लक्ष्य निर्माण कर राज्य स्तर पर ही नहीं जिले स्तर पर भी जवाबदेह योजना अमल में लाई जाए और इस योजना के क्रियान्वयन में निगरानी हेतु एक निÂपक्ष शक्ति संपन्न और जवाबदेह व्यवस्था किया जाए ताकि देश से सदा-सदा के लिए जल समस्या को अलविदा किया जा सके।

आज 30 नदियों के बेसिन में मानसून के समय बाढ़ आती है और यह पानी बहकर समुद्र में चला जाता है, इस पानी को संचय करने के लिए हम राÂष्ट्रीय स्तर पर एक ठोस योजना बनानी होगी। मैं सीतामढ़ी जिले से आता हूं वहां बागमती नदी में पानी रहती है, वहां के अधवारा समूह की कई नदियां सूख गई हैं। नदियों से नदी जोड़ने की योजना है उससे इसका लाभ मिलेगा इसी प्रकार से मगध में फल्लगु, मुरहर, धरहा, पुनपुन एवं सोन नदियों को जोड़कर मगध के इलाके में स्थाई रूप से पेयजल संकट को दूर किया जा सकता है। इस प्रकार की योजना सरकार ने बनाने का सोचा है इसलिए मैं प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं। चर्चा में भाग लेने के लिए सभापति महोदय को भी धन्यवाद देता हूं।

**कर्नल सोनाराम चौधरी (बाड़मेर) :** सभापति महोदय, आज बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा हो रही है इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। यह मुद्दा बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि आज सूखे की हालत है, पीने की पानी की बहुत दिक्कत है, ऐसी स्थिति में यह डिस्कशन बहुत ही अच्छा है। आज हम सब मजबूर हो रहे हैं कि पानी की दिक्कत को कैसे दूर किया जाए? स्पीकर मैडम ने 4-5 मई को एक सेमिनार रखा था उसमें हिन्दुस्तान के कई एक्सपर्ट्स और कन्सलटेंट्स आए थे।

माननीय सभापति महोदय, उन्होंने जो आंकड़े दिए वे बहुत हैरान करने वाले और चौंकाने वाले थे। इसलिए उस दिशा में हमें बहुत कुछ काम करना है। मैं इस बारे में सबसे पहले सूखे की बात करता हूं। सूखे के अध्ययन के लिए पिछले 60 साल में अनेक कमेटियां बनीं और सूखे को दूर करने के लिए कई पॉलिसीज बनाई गई, लेकिन अभी भी इस दिशा में बहुत काम करना बाकी है। उनसे हमें जो डिजायर्ड रिजल्ट्स मिलने चाहिए थे, वे अभी तक नहीं मिले हैं। इसलिए हमें इस दिशा में तेजी से काम करना होगा।

महोदय, आज देश के 29 राज्यों में से 13 राज्यों में अकाल की स्थिति है। देश के 680 जिलों में से 251 जिलों में अकाल की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अकाल की स्थिति से निपटने और राहत के कामों के संचालन का सबसे ज्यादा दायित्व राज्य सरकारों का है, परन्तु केन्द्र सरकार भी अपने दायित्व से पीछे नहीं हट सकती, क्योंकि भारत सरकार को भी इसमें बहुत करना होता है। हालांकि पिछले 60 सालों में लॉंग टर्म ड्राउट मैनेजमेंट का जो काम हुआ है, वह जितना होना चाहिए था, उतना नहीं हुआ है, बल्कि जितना भी काम हुआ है, वह सिर्फ एडहॉक बेसिस पर ही हुआ है।

महोदय, सूखा और गरीबी, दोनों इंटर-कनेक्टेड हैं और सूखा और खाद्यान्न आपस में इंटरलिंक्ड हैं। जब सूखा पड़ता है, तो कृÂिष का उत्पादन कम होता है और जब कृÂिष उत्पादन कम होता है, तो उससे कृषि जिन्सों के भाव बढ़ते हैं। इतना ही नहीं, जब कृÂिष में उत्पादन कम होता है, तो उससे सबसे ज्यादा सीमांत और छोटे किसान प्रभावित होते हैं। ऐसी स्थिति में उनकी आत्महत्या करने की भी नौबत आ जाती है। इसलिए इसे मैनेज करना बहुत जरूरी है।

महोदय, सूखा और फसल बीमा का भी संबंध है। जो नैशनल एग्रीकल्चर स्कीम थी, उसमें काफी खामियां थीं। मैंने उसे देखा था। मेरे एरिया में भी वह लागू हुई थी। उसमें किसान जो प्रीमियम देते थे, कभी भी उन्हें हुए नुकसान का पूरा मुआवजा नहीं मिलता था। इसलिए प्रधान मंत्री जी, अभी जो फसल बीमा योजना लाए हैं, मैं इसके लिए उन्हें बहुत धन्यवाद देता हूं, क्योंकि इसमें उन कमियों और खामियों को दूर कर दिया गया है। मैं एग्जाम्पल के तौर पर बताना चाहता हूं कि यदि कोई किसान अपनी फसल को खलिहान में रखता है और बारिश आ जाती है या अन्य किसी आपदा से उसका नुकसान हो जाता है, तो पहले वाली योजना में किसान को कुछ सहायता नहीं मिलती थी, लेकिन प्रधान मंत्री जी द्वारा लाई गई नई फसल बीमा योजना में, अगर 15 दिन में कुछ होता है, किसान को पूरा मुआवजा मिलता है। आप जानते हैं कि गरीब किसान है। उसके रहने के लिए भी झोंपड़ी होती है। इसलिए वह अपनी फसल को पक्के और कवर्ड स्थान में कहां से रखेगा। अब नई स्कीम में इस कमी को दूर कर दिया गया है। इसके लिए मैं प्रधान मंत्री को पुनः धन्यवाद देता हूं।

महोदय, मैं राजस्थान राज्य के बारे में कहना चाहता हूं कि वहां पिछले तीन सालों से अकाल पड़ रहा है। राजस्थान में टोटल 46 हजार गांव हैं, जिनमें से आज 27 हजार गांव सूखे से प्रभावित हैं। ऐसी स्थिति में राजस्थान सरकार ने भारत सरकार से नैशनल डिजास्टर रिलीफ फंड में 10,400 करोड़ रुपए की सहायता की मांग की है, लेकिन भारत सरकार ने प्रदेश को केवल 1,190 करोड़ रुपए दिए हैं। यहां माननीय मंत्री बैठे हैं, मैं उनसे निवेदन करना चाहूंगा कि एन.डी.आर.एफ. के जो बाकी पैसे हैं, वे शीघ्र जारी करें, ताकि हम राहत कार्यों का संचालन कर सकें।

सभापति महोदय, सूखे से प्रभावित क्षेत्रों में चारे और पीने के पानी की बहुत दिक्कत होती है। हमें चारा अन्य राज्यों से मंगाना पड़ता है। पीने के पानी के लिए वहां टैंकरों से पानी पहुंचाया जाता है। मेरे संसदीय क्षेत्र में आज कम से कम 300 टैंकर लगे हुए हैं। पानी पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने नैशनल कैलेमिटी रिलीफ फंड से 300 करोड़ रुपए की मांग की है, लेकिन भारत सरकार ने प्रदेश को सिर्फ 90 करोड़ रुपए दिए हैं। इसलिए मैं मंत्री जी से रिक्वेस्ट करूंगा कि जो बाकी पैसा है, वह हमें शीघ्र दें, ताकि हम पीने का पानी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचा सकें। हमारी तो प्रार्थना है कि भगवान शीघ्र बारिश कर दे, ताकि आने वाले दो-तीन महीने में पीने के पानी की उतनी दिक्कत नहीं हो। हालांकि, यह मामला गृह मंत्रालय से संबंधित है। इसलिए मंत्री जी, मैं आपसे आग्रह कर रहा हूं कि आप मेरी यह रिक्वेस्ट गृह मंत्री जी तक अवश्य पहुंचा दें। वहां हाई लैवल कमेटी ने भी दौरा किया है और उसने भी अपनी रिपोर्ट में रिकमेंडेशन की है कि राजस्थान सरकार को इतना पैसा मिलना चाहिए। इसलिए मुझे उम्मीद है कि आप शेÂा धनराशि शीघ्र जारी कर देंगे।

सभापति महोदय, अब मैं पेयजल के बारे में बताना चाहता हूं कि राजस्थान के अंदर कोई नदी नहीं है। वहां बाहर की कुछ नदियां हैं, जिनसे पानी आ रहा है। जैसे इंदिरा गांधी नहर का पानी आ रहा है, जो हिमाचल प्रदेश से आता है। नर्मदा नदी के ऊपर जो सरदार सरोवर डैम बना है, उससे राजस्थान के मेरे बाड़मेर और जैसलमेर क्षेत्र में पानी आ रहा है। मेरा कहना है कि जो नदियां हैं, उन्हें आपस में जोड़ने और उनसे पेय जल उपलब्ध कराने की कई स्कीमें हैं, लेकिन राजस्थान सरकार के पास उन स्कीमों को कार्यान्वित करने के लिए धन नहीं है। इसलिए राजस्थान सरकार ने भारत सरकार से 31 हजार करोड़ रुपए का लोन मांगा है। यहां माननीय मंत्री जी उपस्थित हैं और वे मेरी बातों को सुन रहे हैं, इसलिए मेरा उनसे अनुरोध है कि मेरे क्षेत्र में जो पेयजल योजनाएं हैं, जिन्हें इंदिरा गांधी नहर और नर्मदा नहर से बनाया जाना है, उन पर लगभग 30 हजार करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। इसलिए राजस्थान सरकार ने भारत सरकार से प्रार्थना की है कि उसे जापान, नाबार्ड या वर्ल्ड बैंक से लोन दिलाया जाए। यदि यह लोन मिल जाता है, तो पेयजल की समस्या का समाधान हो सकता है।

सभापति महोदय, जो लिंकिंग ऑफ रिवर्स की बात है। मैं बताना चाहता हूं कि ऐसी 6 रिवर्स हैं, जिन्हें राजस्थान से जोड़ सकते हैं। इससे हमारे प्रदेश की पेयजल का काम आगे बढ़ सकता है। जब मैं 11वीं, 12वीं और 13वीं लोक सभा में सांसद था, उस वक्त श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी प्रधान मंत्री थे, उन्होंने इस मामले में बहुत आगे तक काम किया। परन्तु उसके बाद इस पर कोई काम नहीं हुआ। मैं कहना चाहूंगा कि मेरे यहां जब चुनाव हुआ था तब 12 मई को नरेन्द्र मोदी जी रैली में आये थे। उस समय उन्होंने कहा था कि अगर मेरी सरकार बन गयी तो मैं यहां की नदियों को जोड़ने की पूरी कोशिश करूंगा। मुझे बड़ी खुशी है कि उनके प्रधान मंत्री बनने के बाद आज इंटरलिंकिंग ऑफ रिवर्स के ऊपर काफी चर्चा और काम हो रहा है। मुझे उम्मीद है कि वे इसे और आगे बढ़ायेंगे।

सभापति महोदय, सबसे पहले मैं नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बांध की बात करना चाहूंगा। इसमें पानी आ रहा है लेकिन उस बांध की हाईट बढ़ानी चाहिए। उस बांध की हाईट नहीं बढ़ रही क्योंकि कुछ लोग वहां प्रोटेस्ट कर रहे हैं और कह रहे हैं कि इससे सब एरिया मर्ज हो जायेगा। मेरे ख्याल से इस बांध की हाईट करीब 17 मीटर बढ़ानी चाहिए। अगर इस बांध की हाईट बढ़ाते हैं तो जैसेलमेर, गुडामलानी, चौहटन, शिव व कुछ जैसलमेर जिले के भाग को पीने व सिंचाई का पानी भी मिलेगा।

सभापति महोदय, इसके साथ-साथ तापी नदी को नर्मदा से जोड़ने की बात है। हालांकि वह साढ़े तीन सौ-चार सौ किलोमीटर दूर पड़ती है। अगर नर्मदा नदी को तापी नदी से जोड़ दिया जाये तो नर्मदा में पानी की कोई कमी नहीं होगी। इससे जैसलमेर और बाड़मेर में पीने के पानी के साथ-साथ सिंचाई के साधन भी बन जायेंगे। दूसरी सरस्वती नदी पर परियोजना है। यह पौराणिक और लुप्त नदी है। इस बारे में वÂर्ष 2001-02 में सर्वे हो चुका है। करीब 18 ट्रायल ट्यूबवैल्स भी खुदे हैं, यानी ड्रिलिंग की गयी है। उससे यह ऐस्टेब्लिश हो गया है कि यमुना नगर से सिरसा, नोहर, भादरा, सरदारशहर, डुंगरगढ़, बीकानेर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, बाड़मेर और जालौर के क्षेत्र से निकलते हुए अरब सागर में विलीन हो जाती है। इस नदी पर योजना बनाकर पानी का दोहन किया जाये। हालांकि यहां काफी चर्चा हो रही है। इसमें पीने का पानी का काफी है जिससे सिंचाई भी हो सकती है। अगर इस पर कुछ योजना बनाकर काम करेंगे तो इन सब इलाकों को मदद हो सकती है।

दूसरा, यमुना सतलुज राजस्थान लिंक परियोजना है। यह परियोजना भी बहुत जरूरी है। सारदा लिंक केनाल सिर्फ यमुना जाती है। इसमें यदि काम आगे बढ़ाया जाये तो हरियाणा और राजस्थान को बहुत फायदा होगा। इसमें नरोडा और उसके आसपास के क्षेत्र में पानी को रोककर इस पानी के बहाव को अलवर एवं भरतपुर जिला के साथ-साथ झुझूनु, सीकर, चुरू एवं नागौर होते हुए जोधपुर एवं लुणी नदी, जिसे बाड़मेर की गंगा कहते हैं, वहां तक जा सकता है। इसलिए मेरा कहना है कि यमुना राजस्थान लिंक पर काम होना चाहिए।

सभापति महोदय, चौथा मैं राजस्थान साबरमती लिंक परियोजना के बारे में कहना चाहता हूं। यह यमुना राजस्थान लिंक का विस्तार है। ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** कर्नल सोना राम जी, अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**कर्नल सोनाराम चौधरी:** सभापति महोदय, मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। यह लिंक राजस्थान से बाड़मेर, जैसलमेर व जालौर से गुजरता है और गुजरात में जिला बनासकांठा, मेहसाना व गांधीनगर से गुजरता है इसलिए इस पर भी काम होना चाहिए। इसी तरह से पारबती-कालीसिंध-चम्बल लिंक है। इसमें गांधी सागर डेम और राणा प्रताप सागर डेम जो चम्बल दरिया के पार है, उसे डायवर्ट करके नये प्रभावित क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवानी चाहिए।

सभापति महोदय, इसी तरह ब्राह्मणी एवं बनास नदी को जोड़ा जाये। जयपुर में पानी की बहुत कमी है। अगर ब्राह्मणी नदी का पानी बनास नदी में पहुंचाया जायेगा तो बिसलपुर डैम में पानी मिल सकता है।

सभापति महोदय, मैं आखिर में कहना चाहता हूं कि जैसलमेर बाड़मेर एरिया ऐसा है, जहां वÂर्ष 2014 में सिर्फ 11 एमएम पानी बरसा और वर्ष 2015 में 34 एमएम पानी बरसा। अगर आप पिछले पन्द्रह-बीस सालों का एवरेज लें, तो वहां सिर्फ 25 एमएम बारिश होती है। ऐसी स्थिति में यहां की नदियों को जोड़ा जाये और जो पैसे मांगे गये हैं, उन्हें आप उपलब्ध करायें तो आपकी बहुत मेहरबानी होगी। धन्यवाद।

*SHRI RAOSAHEB PATIL DANVE (JALNA): Hon. Chairman Sir, you have permitted me to speak on the issue of drought and drinking water under '193', I am very thankful to you. Hon. Chairman, around 11 states are facing drought conditions in our country. Odisha, Chhattisgarh, Andhra Pradesh, Karnataka and Maharashtra are the badly affected states. To tackle this problem, Central Government has given monetary help to the states and some states have succeeded to handle this problem. I would like to state through you Sir, that the relief assistance given by Central Government was of great help to the State Government. But the intensity of this drought is so high. We have seen even the 1972 drought but this is harsher than that one. If we go through the data, we will find that around 28666 villages are drought affected in Maharashtra and out of it, 13817 in Vidarbha, 8526 in Marathwada, 4896 in North Maharashtra and 1427 in Western Maharashtra are in the shadow of drought. Central Government has given the financial assistance even more than what was demanded by State Government. But this cannot be political issue now. Everybody asked not to make this issue a political one but everyone tried to make it a political issue. In the year 2011-212, Government of Maharashtra requested for Rs.11026 crore but Rs.5574 crore were allotted by Central Government. In the year 2012-13, Rs.50033 crore were demanded but only Rs.18000 crore were given by Government. In the year 2014-15 Rs.60013 crore were demanded but only Rs.1962 crore were given. But, this is first time in the history of independence of India when Maharashtra demanded for Rs.4200 crore and Rs.3970 crore were given. Hon. Chairman Sir, usually this aid is given in the month of June but this is for the first time that this fund has been released in the month of April which helped to fight the drought condition in Maharashtra.

For the last three consecutive years, there has been scanty rainfall in Maharashtra. Hence the water reservoirs in dams are reduced. If we want to fight against this condition, we will need to do two things. A long time and short time measures would have to be taken up. Hon. Chief Minister of Maharashtra met Hon. Prime Minister on 7th of this month and in that meeting Hon. Prime Minister accepted to finance the construction cost of the long-pending dams in Maharashtra. As of today only 15% water is available in the entire Maharashtra and only 10% in Marathwada. In Konkan 40%, Marathwada only 2%, in Nagjim 23%, in Amravati region only 15% and in Nashik region only 14% water is available. Jayakwadi Dam which is the largest dam in Marathwada has no water, Bhima Ujni also has no water. Koyna Dam has 19% and Warna Dam has only 15% water available. When we calculate, only 15% water is available for entire Maharashtra and only 20% in Marathwada. In spite of this, Government has taken certain measures in this regard. Latur is a big city and the people there has no water to drink. Hence with the help of Central Government, Government of Maharashtra is supplying water there through water trains. Around 50 lac litre water is being supplied by train every day.

We are very serious about this issue and we are fighting vigorously this drought. We have started to provide employment to the labourers. Somebody has given a data but the issue of migration is not much serious there.

Government of Maharashtra started 'Jalyukta Shivar Yojna' last year and through this scheme we have conserved 24 TMC water by spending only Rs.1400 crore. We completed this work within a year when the opposition parties were in power, they took 8 long years to conserve 24TMC water by spending Rs.8000 crore for it. Now they are slamming us. They are involved in the scams worth Rs.70,000 crore in irrigation department. 'Paani Adva Paani Jirwa' scheme should have been implemented to store water and if that was done, we would not have faced this kind of situation. We could have averted this menace if we had taken some timely steps.

Through loan-waiver scheme, only the banks got benefitted and not the poor farmers. Today, those who are criticizing us, are responsible for causing heavy losses to these banks. I claim that we have done a commendable work to stop farmers' suicides. Only our Government has taken concrete steps in this regard. On 15th August this year, our Government started to provide rice at the rate of Rs.3/1kg. and wheat at the rate of Rs.2/1kg. to the farmers of 14 drought affected districts. We managed to tackle this problem efficiently with the help of Central Government and, we would be able to handle it even in future.

Lastly, I would like to reiterate that we would definitely take some good measures and that would help us greatly to fight with this calamity.

Thank you.

**श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा) :** सभापति महोदय, आज जल की कमी के कारण देश अकाल एवं सूखे की चपेट में है। देश की एक चौथाई आबादी लगभग 33 करोड़ लोग सूखे की मार झेल रहे हैं। दस सूखा प्रभावित राज्यों के 256 जिले सूखे से प्रभावित हैं। भारत में पानी की कमी भयावह रूप लेती जा रही है और इससे अर्थव्यवस्था को भी चोट पहुंच रही है। लगातार दो मानसून सूखे निकलने भी सूखे का एक प्रमुख कारण है। देश में जल संकट की भारी स्थिति उत्पन्न हो गई है। भारत प्राकृतिक रूप से कृÂिष प्रधान अर्थव्यवस्था है और कृÂिष भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है। जैसे राÂष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पादन में कृÂिष और संबद्ध क्षेत्रों का योगदान धीरे-धीरे कम हो रहा है फिर भी कृÂिष क्षेत्र देश की 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या को रोजगार और आजीविका प्रदान करता है। कमजोर मानसून और उसके परिणामस्वरूप सूखा या सूखे जैसी स्थिति और उसके पश्चात् फसल का नÂट होना करोड़ों गरीब किसानों, खेती करने वाले मजदूरों और उनके परिवारों के लिए एक आघात की तरह है। वÂर्ष 2050 में 1.6 से 1.7 अरब भारतीयों का पेट भरने के लिए हमें 45 करोड़ टन खाद्यान्न की जरूरत होगी यानी मौजूदा उपलब्धता का दो गुना। ऐसे में बिना सिंचित क्षेत्र में वृद्धि के सिर्फ मानसून भरोसे इसे हासिल करना असंभव दिखता है। जल संरक्षण पर दो लाइनें व्यक्त करना चाहूंगी। "जल नहीं होगा तो कल भी नहीं होगा। आज समझ सकते हो तो समझ लो, वरना कल इसका कोई हल भी नहीं होगा।" अटल बिहारी वाजपेयी जी ने प्रधानमंत्री बनते ही अकाल को देश निकाल करने के लिए देश की 30 महानदियों को लिंकिंग करके देश के तमाम राज्यों की नदियों को जोड़ने का प्रोजेक्ट बनाया था। वह प्रोजेक्ट अगर कांग्रेस की यूपीए सरकार ने चालू रखा होता तो वÂर्ष 2015 में यह पूरा हो जाता और हमें आज की इस भयानक स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। जिन जिलों में पानी की बहुत किल्लत है जैसा हमारे अन्य माननीय सदस्यों ने कहा है कि उसको दूर करने के लिए हमारी एनडीए सरकार ने बीडा उठाया और मराठवाड़ा के लातूर जिले में ट्रेनों एवं टैंकरों के जरिए पानी पहुंचा कर लोगों के दुख-दर्द को बांटने का ठोस कदम उठाया है। सूखा प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की गंभीर समस्या को देखते हुए ट्रेनों से जो पानी पहुंचता है उसके लिए केंद्र सरकार राज्यों को धनराशि मुहैया कराती है। ट्रेन और टैंकरों द्वारा जो पानी पहुंचाया जाता है उसके परिवहन व्यय की भरपाई सरकर द्वारा की जाती है।

जैसे मनरेगा के तहत सूखा प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को रोजगार मुहैया कराने के लिए सरकार ने निर्धारित 100 दिनों के काम को बढ़ाकर 150 दिन करने का निर्णय लिया है और मनरेगा की धनराशि सभी राज्यों को आवंटित भी कर दी गई है। केंद्र सरकार ने पिछले साल सूखे के मुआवजा देने के नियमों मे बदलाव करके 50 प्रतिशत से घटाकर 33 प्रतिशत कर दिया था और मुआवजे के नियमों में भी किसानों के हित में भारी बदलाव किया है। इस संदर्भ से यह प्रतीत होता है कि यह सरकार किसानों के प्रति कितनी चिंतित है। पहले भी बीमा योजना थी मगर सिर्फ 20 प्रतिशत किसान ही इससे लाभांवित होते थे। लेकिन अब प्रधानमंत्री बीमा योजना में 1.5 से 2 प्रतिशत प्रीमियम रबी और खरीफ फसलों पर रखा गया है। इस बीमा योजना से खेत से खलिहानों तक फसल

की कटाई से 14 दिनों तक फसल को योजना में कवर कर लिया गया है। यह बताता है कि मोदी सरकार अन्नदाताओं को कितना मान और सम्मान देती है। ऐसे ही कृÂिष सक्षम देश के सूत्र को हमें सार्थक करना है।

केन्द्रीय सरकार ने राÂष्ट्रीय जल मिशन भी शुरू किया है, जिसका उद्देश्य जल का संरक्षण, जल के अपव्यय को कम करना और एकीकृत जल संसाधन विकास और प्रबंधन द्वारा राज्यों और राज्यों के बीच इसका और अधिक समान वितरण सुनिश्चित किया जा सके।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी को मैं धन्यवाद देना चाहती हूँ कि उन्होंने आते ही सिंचाई का क्षेत्रफल बढ़ाने के उद्देश्य से 5500 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री सिंचाई योजना का प्रावधान किया है।

मेरा प्रदेश गुजरात भी सूखे से जूझ रहा है। बारिश प्रकृति का एक प्रसाद है, यह हम सब जानते हैं। यह कभी कम मिलता है, तो कभी ज्यादा मिलता है। हमारी गुजरात की कर्मठ महिला मुख्यमंत्री माननीय श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने एक दीर्घदÂिष्ट नेतृत्व के तहत सूखाग्रस्त और अर्द्ध-सूखाग्रस्त इलाकों में पीने का पानी, घास-चारा, एवं जरूरतमंद लोगों को रोजगार मुहैया हो सके, इसके लिए सघन आयोजन किया है। प्रो-ऐक्टिव एप्रोच दिखाकर लोगों की मुश्किलों में कंधे से कंधा मिलाकर हमारी राज्य सरकार काम कर रही है।

राज्य के पाँच जिलों के 994 गांवों को अर्द्ध-सूखाग्रस्त घोÂिषत किया गया है। वन विभाग के पास अलग-अलग गोदामों में 435 लाख किलोग्राम घास का जत्था उपलब्ध है और अर्द्ध-सूखाग्रस्त इलाकों के छोटे, सीमांत किसान, भूमिहीन पशुपालक, खेत मजदूर एवं गरीब चरवाहों को रियायती दर पर घास उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। उनके लिए घास डिपो की भी शुरुआत की है।

हैंड पम्पों की रिपेयरिंग कराने के लिए भी राज्य सरकार ने राशि उपलब्ध कराने का काम किया है। राज्यस्तर पर पीने के पानी की अद्यतन स्थिति से वाकिफ़ रखने के लिए तथा शिकायतों को निपटाने के लिए राज्य तथा जिलास्तर पर कंट्रोल रूम और टॉल फ्री नम्बर भी कार्यरत किया गया है तथा व्हाटअप जैसे सोशल मीडिया का भी इसमें भरपूर उपयोग किया जा रहा है।

इस तरह से पूर्ण अर्द्ध-सूखा से निपटने के लिए गुजरात सरकार द्वारा बहुआयामी, परिणामलक्षी प्रयास किये गये हैं।

गुजरात में नर्मदा डैम की ऊँचाई बढ़ाने के लिए और गेट लगवाने के लिए प्रधानमंत्री जी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो पिछले दस सालों से यूपीए सरकार के समक्ष गुहार लगाते थे। लेकिन यूपीए सरकार की पेट का पानी नहीं हिला और पानी की राजनीति करके उस गेट की मंजूरी नहीं दी। इस स्थिति के विरोध में मोदी जी को 52 घंटों तक अनशन पर बैठना पड़ा। सरकार में आते ही हमारे श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी ने 17 दिनों मे उस गेट की मंजूरी भी दे दी और उसके लिए धनराशि भी आबंटित कर दिया।

मेरी दो मांगें हैं। गुजरात में उत्तर गुजरात, सौराÂष्ट्र और कच्छ में जैसे सूखे की स्थिति है, उससे निपटने के लिए समुचित राशि मुहैया करायी जाए।

मेरी दूसरी मांग यह है कि 8 से 10 सितम्बर, 2015 को गुजरात में आयी बाढ़ के कारण इसे करोड़ों रुपयों का नुकसान झेलना पड़ा था। इसके लिए सरकार से 4473.47 करोड़ रुपये की मदद मांगी गयी थी, लेकिन अभी तक यह पूरी रकम नहीं मिली है। मेरी सरकार से विनती है कि जल्द से जल्द उसे मुहैया कराया जाए। मैं दो सुझाव देना चाहती हुं, जिस प्रकार से इज़रायल जल प्रबंधन का एक मॉडल है, वहां जल प्रशासन के लिए एक मजबूत कानून वर्ष 1955 में पारित हुआ था। उस कानून में जल संसाधन को जनता की सम्पत्ति माना गया है और वहां जल की लगभग पूरी खपत मीटर पर रहती है। हमें भी यह नीति अपनानी चाहिए। गुजरात ने भी बेहतर जल प्रबंधन के साथ कृÂिष में जल के उपयोग की दक्षता बढ़ाई है, ऐसी दक्षता भी बढ़ानी चाहिए। जिस प्रकार से गुजरात में हम चेक डैम, बोरीबंध, पानी का रिचार्ज और कुएं का पुनरुत्थान करते है, उस प्रकार से भी करना चाहिए। मेरी सरकार से विनती है कि मेरी दो डिमाण्ड्स हैं, उन पर गौर किया जाए। हम सूखे की इस समस्या से निजात पाने के लिए राजनीति के दायरे से उठकर सामूहिक रूप से सूखे के संकट से निपटने के लिए चर्चा, चिन्ता और चिन्तन करें। धन्यवाद।

**ग्रामीण विकास मंत्री, पंचायती राज मंत्री तथा पेयजल और स्वच्छता मंत्री (श्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह):** सभापति जी, सूखे पर चर्चा और उसमें माननीय सदस्यों द्वारा भारी संख्या में अपने विचारों को प्रकट करना और यह सभी के लिए चिन्ता का विÂषय है। इतने बड़े देश में, जिसकी 127 करोड़ आबादी हो, उसमें 70 साल की आजादी के बाद भी हमें ऐसे विÂषयों पर बहुत बड़े स्तर पर चर्चा करनी पड़ती है। सभापति जी, मेरे मित्र और मेरी साथी कृÂि◌ मंत्री जी कृÂिष, सिंचाई और कृÂिष में सूखे से जो परिस्थिति उत्पन्न हुई है, उस पर विस्तार से चर्चा करेंगे। जल संसाधन मंत्री सुश्री उमा भारती जी भी अपने मंत्रालय से संबंधित सवालों एवं चर्चा में उभरकर आए विÂषयों के बारे में उत्तर देंगी। पीने के पानी और कुछ माननीय सदस्यों ने मनरेगा के बारे में सवाल उठाए हैं, चर्चा की है कि किस प्रकार से मनरेगा को इसके साथ जोड़ा जाए तो वह योजना ज्यादा लाभकारी हो सकती है, इन्हीं विÂषयों तक मैं अपने आपको सीमित रखना चाहता हूं।

चेयरमैन सर, आज 13 राज्यों में ऐसी स्थिति है, जहां सूखे से प्रभावित इलाके हैं। उनमें से तीन राज्य ऐसे हैं जिन्होंने अपने आपको सूखाग्रस्त घोÂिषत नहीं किया है। दो राज्य बिहार और हरियाणा है, गुजरात ने भी नहीं किया, लेकिन आंशिक रूप से सूखाग्रस्त घोÂिषत किया है। ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** जो माननीय मंत्री जी कह रहे हैं, उसको छोड़कर कोई अन्य बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी।

...(व्यवधान)...*

**श्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह:** महोदय, मैंने यह कहा कि दो राज्य बिहार और हरियाणा ऐसे राज्य हैं जिन्होंने अपने को सूखाग्रस्त घोÂिषत नहीं किया और गुजरात ने आंशिक रूप से घोÂिषत किया है। देश के 313 जिले इससे प्रभावित हैं और गांवों की संख्या 1,58,205 है, जो सूखे से प्रभावित हैं। इस प्रकार से हमारी 4,44,280 बसावटें प्रभावित हैं। इन सब आंकड़ों को देखते हुए हम कह सकते हैं कि हमारे देश की 25 प्रतिशत से ज्यादा आबादी आज के दिन सूखे से प्रभावित है।

महोदय, कई माननीय सांसदों ने यहां कहा कि जिस प्रकार से सहायता उपलब्ध होनी चाहिए, उस प्रकार से नहीं हो पा रही है। उन्होंने यह भी सवाल उठाए कि जो प्रबंध चार-छः महीने पहले किए जाने चाहिए थे, उनके बारे में भी राज्य सरकारों को पूर्व में सूचित नहीं किया गया। पिछले साल यह सर्वव्यापक था और सभी को यह मालूम था कि भारतीय मौसम विभाग ने यह भविÂष्यवाणी की है कि 8 से 14 प्रतिशत बारिश देश में कम होगी और लगभग उसी के अनुरूप देश में सूखा पड़ा और बारिश कम हुई। लेकिन इस बार के लिए यह कहा गया है, एक प्राइवेट एजेंसी है, जिसने कहा है कि इस बार 14 प्रतिशत बारिश ज्यादा होगी। लेकिन सरकारी तौर पर भी इस तथ्य को माना गया है कि अब की बार मानसून अच्छा आएगा।

महोदय, मैं गांव से ताल्लुक रखता हूं और हमारे बुजुर्ग कहते थे कि दस साल का जो समय होता है, उस दस साल में से छः साल तो मानसून सामान्य रहता है, तीन साल सूखे के होते हैं और एक साल मानसून पूरे तीन साल की बारिश की कमी को पूरा करता है। राजस्थान के माननीय सदस्य इस बात से ज्यादा परिचित होंगे कि राजस्थान में यदि एक फसल फेल हो जाती है तो राजस्थान का किसान दूसरी फसल को बीजता है। यदि वह भी फेल हो जाती है तो तीसरी फसल का उसको अंदाजा होता है कि इस बार मेरा जो चना है या सरसों है जो मैंने बीजी है, वह इतनी होगी कि मेरे दो-तीन साल का घाटा पूरा कर देगी। यह राजस्थान के उन इलाकों में है जो रेनफेड एरिया हैं।

महोदय, हमें यह कहा जाता है कि हमने पीने के पानी के बारे में भी जानकारी लोगों को नहीं दी, राज्य सरकारों को पूरी मदद नहीं की। सूखा ग्रस्त आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखण्ड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराÂष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में हमने 1360 करोड़ रुपये दिए, वह राज्य सरकार के पास था और यह फण्ड सूखे की स्थिति पैदा होने से पहले से ही उनके पास था। सूखे की स्थिति से निबटने के लिए राज्य सरकारों को काम करने चाहिए थे, क्योंकि फण्ड्स की कोई कमी नहीं थी। वोट ऑन अकाउण्ट होने के बाद हम राज्य सरकारों को 13 तारीख के बाद पैसा भेजना शुरू कर देते हैं। लेकिन उससे पहले वोट ऑन एकाउंट के समय अप्रैल और मई में हमने 564 करोड़ रुपये 2016-17 के बजट में से उन सूखाग्रस्त राज्यों को और भेजा है।

इसी प्रकार से आज के दिन सूखाग्रस्त राज्य सरकारों के पास 1900 करोड़ रुपये पार्क किये हैं, जो केन्द्र सरकार का पैसा है और जैसे शेयरिंग पैटर्न है। उसके हिसाब से 50 परसैन्ट फंड राज्य सरकार को देना होता है। यदि उन दोनों को जोड़ ले तो 3800 करोड़ रुपये से ऊपर आज के दिन राज्य सरकारों के पास पैसा है और उसमें से दस प्रतिशत फ्लैक्सी फंड होता है, जो वे 380 करोड़ रुपये किसी भी चीज पर सूखे से निपटने के लिए खर्च कर सकते हैं, उन्हें किसी से पूछने या किसी तरह की परमीशन की कोई जरूरत नहीं होती। उसके अलावा 15 प्रतिशत जो मेन्टिनेन्स के लिए होता है, आपरेशन के लिए होता है, वह पैसा भी खर्च कर सकते हैं। मेरा कहने का अभिप्राय यह है कि 25 धनराशि जो राज्य सरकारों के पास उपलब्ध है, उसका वह इस्तेमाल कर सकते हैं।

महोदय, मैं यह भी जरूर कहूंगा कि राज्यों में सूखे की स्थिति पर जब चर्चा शुरू हुई तो माननीय प्रधान मंत्री जी ने सभी राज्यों के मुख्य मंत्रियों को इस पर चर्चा करने के लिए उन्हें यहां आमंत्रित किया। अभी परसों तीन राज्यों महाराÂष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्रियों से बैठकर सूखे पर चर्चा की गई और उनसे पूछा गया कि आपको किन-किन साधनों की जरूरत है और कितना पैसा हमारे पास है, जो हमने आपको पहले भेजा हुआ है, उसके अलावा अभी अगर आपको कोई केन्द्र सरकार से सहायता की जरूरत होगी तो उस पर भी हम आपको सहायता देंगे। इसी प्रकार से आज तेलंगाना और मध्य प्रदेश के साथ चर्चा होगी। अगले दो दिन में दस राज्यों के मुख्य मंत्रियों के साथ यह चर्चा होगी और जो भी इसमें हल निकल सकते हैं, उसके लिए हम कोशिश करेंगे। मैं यह मानकर चलता हूं कि अगर आप सूखे को देखें तो इसमें दो ऐसी चीजें हैं, एक माननीय सदस्य ने कहा कि ऊपर वाला जो करता है, उस पर किसी का वश नहीं चलता और नीचे वालों ने जो कर दिया, उसे ऊपर वाला देखता भी है। आज जो परिस्थिति बनी है, उस परिस्थिति के लिए अगर कोई जिम्मेवार है तो हम लोग हैं। देश को आजाद हुए 70 साल हो गये। मैं यह मानकर चलता हूं कि यह कह रहे थे कि नर्मदा ऐसी नदी है जो ग्लेशियर पर डिपैंड नहीं करती। मैं उन नदियों की बात करता हूं जो ग्लेशियर पर डिपैंड करती हैं। लेकिन आज से ढाई सौ साल पहले उन इलाकों में सिंचाई की व्यवस्था ऐसी बनी कि आज जब हम पानी की बचत की बात करते हैं तो सबसे बड़ी समस्या उन राज्यों में उभरकर आती है। अभी चन्दूमाजरा जी कह रहे थे कि वैस्टर्न यू.पी., हरियाणा और पंजाब राज्यों से इस देश के खाद्यान्न का 73 प्रतिशत भंडारण हमें मिलता है। लेकिन जिस किस्म की पानी की व्यवस्था है, वहां फ्लो इरिगेशन नहीं हैं, फ्लड इरिगेशन है। फ्लो इरिगेशन हो तब भी काम चल सकता है। किसान की मानसिकता ऐसी बन गई है कि जहां पीने के पानी की व्यवस्था है, उसमें उसका इतना इंटरैस्ट नहीं है उसका इंटरैस्ट यह है कि जो वाटरवर्क्स हैं, उसका टैंक पूरा भर जाए, ताकि गांव में पानी की व्यवस्था बनी रहे।

**माननीय सभापति:** माननीय मंत्री जी एक मिनट रूकिएगा।

यदि सदन सहमत हो तो जब तक माननीय मंत्री जी का वक्तव्य पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक सदन का समय बढ़ा दिया जाए?

**अनेक माननीय सदस्य:** जी, हां।

**श्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह :** सभापति महोदय, मैं कह रहा था कि इस प्रकार की व्यवस्था में हमें कुछ आमूलचूल परिवर्तन करने पड़ेंगे। जो राज्य, चाहे वह राजस्थान है, अगर इंदिरा गांधी कैनाल से पानी ले कर आते हैं या जैसे उनके मन में है कि नर्मदा से भी पानी आए। ...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ( गुलबर्गा) :** सभापति महोदय, यह तो रूरल डेवल्पमेंट मिनिस्ट्री का इंटरवेंशन है। यह कंपलीट आंसर तो नहीं हो सकता है, क्योंकि अभी तो 30-35 लोग बोलने वाले हैं। मंत्री जी अभी 15 लोगों के लिए इंटरवेंशन कर रहे हैं। अभी 35 लोगों का सुनना है, फिर बाद में रिप्लाई देना है। फिर होम मिनिस्टर देना चाहिए, उसके बाद एग्रीकल्चर मिनिस्टर देंगे, वॉटर रिसोर्सेस मिनिस्टर भी देंगे। इसीलिए यह मत बोलिए कि इसी इंटरवेंशन पर खत्म कर रहे हैं। He can continue later on. ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** कल चर्चा जारी रहेगी। ...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** सभापति महोदय, चर्चा कल जारी रहनी चाहिए। This is simply an intervention. ...(*Interruptions*) It is not a reply. ...(*Interruptions*) There is a list of around 35 Members who are yet to speak. ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: It is just an intervention. ...(व्यवधान)

**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी):** सभापति महोदय, आप हमें गाइड करें। आप सीनियर हैं। माननीय खड़गे साहब अपनी सीट से बोल रहे हैं और उनके सभी साथी सदस्य धरती पर लेटे हुए हैं। यह कहां की व्यवस्था है? क्या यह सही है कि अपने सभी सदस्यों को धरती पर बिठा कर, आ कर हस्तक्षेप करें। ...(व्यवधान) यह कहां तक सही है? ...(व्यवधान) एक तरफ आ कर अपना विÂषय भी रखना चाहते हैं। ...(व्यवधान) उसके बाद धरती पर बैठ कर सदन का अपमान कर रहे हैं और उसके बाद बात कर रहे हैं। ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी, आप अपनी बात जारी रखें।

SHRI CHAUDHARY BIRENDER SINGH: I want to make one thing clear. There would be more speakers tomorrow or maybe day after. If some issues are there concerning my Ministry, I have the right to reply to them. What I am telling you is nothing but the steps taken by the Ministries of Rural Development, Drinking Water and Sanitation.

सर, इसके अलावा मैं जो कह रहा था कि एक ऐसे नैशनल कंसेंसस की बात है, बहुत से इश्यु ऐसे हैं, जिनमें हमें राÂष्ट्रीय सहमति बहुत चीजों से उठ कर करनी पड़ेगी। अगर आप इस देश को सही दिशा में ले जाना चाहते हैं तो इवन वैल में बैठे होने के बाद भी नैशनल कंसेंसस आपको करनी पड़ेगी। उसमें सबसे बड़ी बात यह है कि यह जो दो ओपिनियन हैं कि जो डैम बनाए जाते हैं, अपर रिजिस में, उसमें यह बात उभर कर आती है कि डैम बनने से पर्यावरणविद या दूसरे लोग यह कहते हैं कि वातावरण बिगड़ेगा। मैं यह कहता हूँ, मेरा अपना यह मानना है कि इस देश में इंटरलिंकिंग ऑफ रिवर्स होनी चाहिए। यह कोई नई बात नहीं है। यह देश की आज़ादी से पहले भी और बाद भी एक बहुत बड़े इंजिनियर थे - वी.के.आर.वी. राव ने भी इस मुद्दे को साठ के दशक में उठाया था। उसके बाद हमारे पूर्व प्रधान मंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने इसको एक शेप देने की कोशिश की। उस समय भी ये दो बातें उभरकर आईं, एक तो यह कि इस देश में इंटरलिंकिंग से पॉलिटिकल डिस्प्यूट पैदा होंगे। दूसरी यह बात उभरकर आई कि यह सम्भव नहीं है और इससे एन्वायर्नमेंट पर असर पड़ेगा।

महोदय, मैं एक उदाहरण देना चाहता हूँ, क्योंकि आप जिस इलाके से आते हैं, वहाँ आपने पॉपुलर की प्लांटेशन देखी होगी। पॉपुलर की प्लांटेशन फुटहिल्स से नीचे बहुत ज्यादा है, चाहे वह यमुनानगर का एरिया हो, चाहे आपके सहारनपुर का एरिया हो। हमारे हरियाणा में जो फॉरेस्ट कवर है, वह 6.5 प्रतिशत है, लेकिन जब फॉरेस्ट कवर से नीचे किसान पॉपुलर की और यूकेलिप्टस की प्लांटेशन करता है, वही कवर 16.5 प्रतिशत हो जाता है। एक तो इस देश के एन्वायर्नमेंट को बचाना है। मैं यह जरूर कहूँगा कि इन बातों पर सहमति रखनी पड़ेगी, अगर हम रिवर्स का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो आप कितने ही भाÂाण देते रहें कि सिर्फ 40 प्रतिशत या 38 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल होता है, बाकी बहकर चला जाता है। आज अगर स्वच्छ भारत के लिए लोगों में एक चेतना पैदा हुई है, उसको एक राÂष्ट्रीय मूवमेंट बनाया है लोगों ने तो इसको भी राष्ट्रीय मूवमेंट बनाना पड़ेगा कि इस देश में पानी को कन्जर्व करने के लिए जो भी साधन हैं, वे इस देश के किसान के लिए, इस देश के गाँव में रहने वालों के लिए और इस देश में जो शहरों की तरफ हमारा रूझान हो रहा है, अंदाजा यह लगाया जा रहा है कि ऐसा हो सकता है कि अगले 10-15 साल में देश की 50 प्रतिशत से ज्यादा आबादी शहरों में आकर टिक जाए।...(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्यगण, कृपया आप शान्त रहें। आप बहुत आराम से बैठे हैं। आप शान्त रहें।

**श्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह :** उस व्यवस्था में पानी की उपलब्धता और वह भी मानसून पर, वैसे तो वैज्ञानिक कुछ कहें, लेकिन मेरी भी धारणा है कि जब कोई संकट पैदा होता है तो कुदरत के कुछ ऐसे नियम हैं, जो उस संकट को खुद हल करती है। आज से 6 साल पहले अखबारों में क्लाइमेटिक चेंज, ग्लोबल वार्मिंग के बारे में बड़े-बड़े लेख आए थे। यह लेख था कि ऐसा समय आएगा कि जो ग्लेशियर हैं, वे छोटे होने शुरू हो जाएंगे और अल्टिमेटली जो हमारी रिवर हैं, उनका पानी खत्म हो जाएगा, लेकिन आज से 6 साल पहले हिमालय पर इतनी बर्फ पड़ी कि अखबारों में आया कि 100 साल में इतनी बर्फ कभी नहीं पड़ी थी। मेरी अपनी यह मान्यता है कि अगर हम इस कुदरत के नियम को अपने तरीके से निभाना सीखें, जब आप बाथरूम जाते हैं, जब आप खाना खाते हैं, उसे बन्द

कर दीजिए ना, लेकिन आपने बाथरूम जाना बन्द नहीं किया, खाना खाना बन्द नहीं किया, आपने बन्द किया वे पुरानी हमारी जो झील थीं, जो डिप्रेशन थे, जहाँ बारिश का पानी आकर इकट्ठा होता था, जो नाले थे, उन सबके ऊपर आज इन्क्रोचमेंट है। कोई यह कहे कि भारत सरकार की इन्क्रोचमेंट है, मैं यह कहता हूँ कि राज्य सरकारों को इस पर नियंत्रण करना पड़ेगा और जब तक हम सख्ती से नियंत्रण नहीं करेंगे तो हमारी हजारों नहीं, लाखों एकड़ ऐसी जमीनें हैं, जो आज इन्क्रोच्ड हैं और जो प्राकृतिक नियम के अनुसार वहाँ पानी इकट्ठा होना चाहिए और उसके लिए हमने प्रबन्धन किया है।

**माननीय सभापति :** बहुत ही महत्वपूर्ण चर्चा हो रही है, मेरा आग्रह है कि आप कृपया शान्ति बनाकर रखें।

**श्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह :** महोदय, मेरा यह मानना है, मैं यह समझता हूँ कि इन हालात में जो हमारी अपनी क्रिएशन है, हमें एक निर्णय के साथ यह सोचना पड़ेगा कि जो आज हम स्टेप्स ले रहे हैं पीने के पानी की व्यवस्था को ठीक करने के लिए, उनको क्या हम दो साल के अन्दर ऐसी स्थिति पैदा कर दें कि ये स्टेप्स हम न लें।

मैं आपको पढ़कर सुनाता हूँ। हमने 9,33,360 हैंड पंप्स रिपेयर या रिस्टोर कराए। उसके साथ साथ जो किसानों के खेत में ट्यूबवैल लगे हुए थे और पड़ोस में पानी की व्यवस्था नहीं थी, ऐसे 14,407 बोरवैल्स को हमने हायर किया कि वहाँ से पानी लेकर गाँवों में पानी पहुँचाया जाए ताकि पीने के पानी की किल्लत न हो। इसी प्रकार से जो राइज़र पाइप्स हैं, 14 लाख 80 हज़ार राइज़र पाइप्स को रीप्लेस किया गया या नीचे जाने के लिए उनको और बढ़ाया गया ताकि जो वाटर टेबल नीचे चला गया है, वह जा सके। इसी प्रकार से 57,728 नए बोरवैल उन एरियाज़ में कमीशन किए गए जहाँ पानी पीने की व्यवस्था थी और वहाँ पानी उपलब्ध था। इसी प्रकार से जो टैम्पोरेरी वाटर वर्क्स हैं, उन 1413 ऐसी वाटर बाडीज़ को रिपेयर किया गया, उनको रीजुविनेट करने के प्रबंध किए गए।

टैंकर्स के बारे में चर्चा चली कि उनकी उपलब्धता हो और लोगों तक पानी पहुँचाने का प्रबंध हो। उसके लिए हमने 2,09,766 ऐसे ट्रिप्स लगाए एक जगह से दूसरी जगह, जिससे जहाँ पानी की कमी थी उसको पूरा किया जा सके। इस प्रकार से 20,113 वाटर बाडीज़ को पानी पहुँचाने की व्यवस्था की गई। इसके साथ-साथ अभी खरगे जी ने कहा था कि होम मिनिस्टर को भी आना चाहिए। मैं यह बताना चाहता हूँ कि जहाँ ड्राउट सिचुएशन है, वहाँ होम डिपार्टमैंट ने अभी उन राज्यों के लिए 465 करोड़ रुपये और रिलीज़ किए हैं, जहाँ पीने के पानी की व्यवस्था करनी है। इसी प्रकार से मैं ऑनरेबल मैम्बर्स को यह भी आश्वस्त करता हूँ कि 800 करोड़ रुपये ...(व्यवधान)

_

_

_

_

_

_

**18.13 hours**

*(At this stage, Shri Gaurav Gogoi and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.)*

**माननीय सभापति:** आप शांति बनाए रखें। पहली बात यह है कि आप लोगों को अगर कुछ बात कहनी है तो अपनी सीट पर जाइए और वहीं से बोलिये। जो कुछ भी व्यवधान पैदा किया जा रहा है, कुछ भी रिकार्ड पर नहीं जाएगा।

...(*Interruptions*)â€¦ *

**माननीय सभापति :** मंत्री जी जो बोल रहे हैं, उसके अलावा कुछ भी रिकार्ड पर नहीं जाएगा।

...(*Interruptions*)â€¦ *

**माननीय सभापति :** आप अपनी सीट्स पर जाइए।

â€¦(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप लोग बहुत देर तक शांति से बैठे थे। Please go to your seats. Whatever you want to say, first go to your seats.

â€¦(व्यवधान)

**श्री राजीव प्रताप रूडी:** सभापति जी, यहाँ राज्य मंत्री बैठे हुए हैं। ...(व्यवधान)

सभापति जी, बिज़नैस एडवाइज़री कमेटी में यह तय हुआ था कि इस चर्चा को लेंगे और बिज़नैस एडवाइज़री कमेटी में कांग्रेस के सदस्य माननीय ज्योतिरादित्य सिंधिया जी थे। यह तय हुआ था कि सुखाड़ के साथ ड्रिंकिंग वाटर और इण्टर लिंकिंग ऑफ रीवर्स को लिया जायेगा। ...(व्यवधान) उसी विÂषय में तीन मंत्रियों की बात हुई थी और चूंकि यह इतने विस्तार का विÂषय है, जिसमें पीने के पानी की समस्या, इंटर लिंकिंग ऑफ रीवर्स और सुखाड़ तीन विÂषय हैं।...(व्यवधान) कभी-कभी ऐसा होता है कि एक-एक विषय पर, क्योंकि मामला इतना संगीन है कि तीन-तीन मंत्री इस पर उत्तर दे रहे हैं। ...(व्यवधान) लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि जो हमारे कांग्रेस के सदस्य हैं, इनकी यह कतई इच्छा नहीं है, देश में पूरे चारों कोनों में सूखा पड़ा हुआ है और जिस प्रकार से सदन में आकर के सूखे की बहस पर विरोध जता रहे हैं और पूरे भारत के लोग देख रहे हैं कि कांग्रेस के सदस्य, जब पूरा देश सुखाड़ पर चिन्ता व्यक्त कर रहा है तो हमारे माननीय सदस्य सदन के भीतर फ्लोर टेबल पर हैं, इससे बड़ा अपमान देश की जनता का कतई नहीं हो सकता है। पूरा सदन इस बात से आहत है कि कांग्रेस के मित्र सुखाड़ के विÂषय पर अपना विरोध जता रहे हैं और उनको यह चिन्ता नहीं है कि पूरे देश में बड़ी भीÂषण परिस्थिति का हम सामना कर रहे हैं।...(व्यवधान) ये आज नहीं चाहते हैं कि सारे सदन के लोग, जो सुखाड़ पर चर्चा कर रहे हैं, हमारे माननीय कांग्रेस के सदस्य सदन के बीच में आकर किसानों की अवहेलना कर रहे हैं और किसानों के हितों की रक्षा नहीं कर रहे हैं, यह पूरी तौर से स्पÂष्ट हो जाता है।...(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** अब हो गया। पहले आप अपनी सीट पर जायें। खड़गे जी अगर कहेंगे तो पहले आप जाइये। माननीय खड़गे जी, मेरा आपको कहना भी कुछ है कि अपने सदस्यों को कहिये कि सीट पर जायें।

â€¦(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** एलाऊ करते हैं, बाद में देखेंगे।

â€¦(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** माननीय गौरव जी, आप आपस में बात मत कीजिए। आप सीट पर जाइये। आप बैठिये।

â€¦(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** मेरा आग्रह है, देखिये, पहले सदन को व्यवस्थित कीजिए। सुÂिमता जी आप भी जाइये, प्लीज़। नहीं, ऐसे नहीं बोलना है, प्लीज़ आप सीट पर जाइये।

â€¦(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आप सीट पर जाइये तो सही। गौरव जी, प्लीज़ आप सीट पर जाइये। पहले आप जाइये तो सही, पहले सदन को तो व्यवस्थित कीजिए। मैं यह कह रहा हूं कि पहले सदन को तो व्यवस्थित कीजिए। पहले सदन व्यवस्थित हो, तब बोलेंगे।

â€¦(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** मेरा आपसे अनुरोध है, आप जाइये तो सही। आप बैठिये। आप सीट पर बैठिये. वे फिर बोलेंगे न। अगर आप अपने नेता की बात भी नहीं सुनेंगे तो कैसे काम चलेगा। वे भी आपसे कह रह हैं। गौरव जी, आप प्लीज़ जाइये।

â€¦(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** प्लीज़, आप बैठिये। आप भी बैठिये। आप सीट पर जाइये। गौरव जी, आप सीट पर जाइये, एक मिनट के लिए बैठ जाइये। आप क्यों क्रोध कर रही हैं, आप बैठिये।

â€¦(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आप बैठिये, सहयोग कीजिए। आप बैठ जाइये। आप बैठिये न।

â€¦(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** सभापति महोदय, यह जो है...(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** खड़गे जी, मेरा अनुरोध आप सुन लीजिए। मंत्री जी का वक्तव्य जारी है, वे बोल रहे थे।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** मेरा एक अनुरोध है...(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** मेरा भी आपसे अनुरोध है, वे बोल रहे हैं, उनका वक्तव्य जारी है।

â€¦(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** अभी 35 लोग बोलने वाले हैं और मिनिस्टर अगर इण्टरवीन करते रहेंगे तो 35 मैम्बर्स की बातों का उत्तर कौन देगा?

**माननीय सभापति :** उत्तर देने वाले मंत्री हैं। आप अपनी बात कह चुके हैं।

â€¦(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** दूसरी चीज, जो रूडी साहब ने हमारे ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप उनकी बात पहले पूरी होने दीजिए।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** कि कांग्रेस वालों को किसानों के बारे में, सूखे ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** मंत्री जी, आप बोलिए।

â€¦(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** रिकार्ड में कुछ नहीं जाएगा। केवल मंत्री जी बोलेंगे, वह रिकार्ड में जाएगा और कुछ नहीं जाएगा।

...(*Interruptions*)â€¦ *

**श्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह :** यह 328.7 मिलियन हेक्टेयर इस देश का जो भूभाग है, उसमें 195.25 मिलियन हेक्टेयर ऐसी जमीन है जिसमें सिंचाई न हो या रेन फेड हो, लेकिन खेती के लिए इस्तेमाल की जाती है। ...(व्यवधान) आपको अगर ...(व्यवधान) ये जितने भी खड़े हैं, कोई किसान नहीं हैं, ये सब मौज उड़ाने वाले हैं। ...(व्यवधान) मैं कांग्रेस को अच्छी तरीके से जानता हूं। मेरे से ज्यादा मत कहलवाओ। ...(व्यवधान) अगर कोई बात देश के भले के लिए, इस देश के कमजोर वर्ग के लिए, इस देश के किसान के लिए की जाती है ...(व्यवधान) आपको अगर धरना देना था तो बाहर देते। ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** वीरेन्द्र जी, आप अपनी सीट पर जाइए।

â€¦(व्यवधान)

**श्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह :** अगर आपको धरना देना था तो बाहर देते 45 डिग्री टेंपरेचर में। ...(व्यवधान) यहां एसी का भी इस्तेमाल करें, आराम भी उठाएं और फिर हाउस की कार्यवाही न चलने दें। ...(व्यवधान) एक फैसला कर लीजिए कि अगर वेल में बैठना है तो महात्मा गांधी जी की मूर्ति के पास वहां 45 डिग्री टेंपरेचर में बैठिए जैसे वहां और बैठते हैं। ...(व्यवधान) यह नहीं है कि आपके पसीना भी नहीं आए और आप कार्यवाही भी हाउस की न चलने दें। यह गलत है। ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** वह बोल रहे हैं, उनकी बात तो पूरी हो जाए।

â€¦(व्यवधान)

**श्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह :** आप मेहरबानी करके, अगर देश के हित में आप कुछ नहीं सुनना चाहते ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** वह सूखे पर बोल रहे हैं। आज का यह विÂषय है। आप लोगों ने यह तय किया था, इसे आप लोगों ने तय किया था।

â€¦(व्यवधान)

**श्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह :** सभापति जी, कम से कम इतना तो हो कि जहां देश के 70 प्रतिशत, 24 करोड़ से ज्यादा लोग आज सूखे से प्रभावित हैं, इस देश के 313 जिलों में सूखे की स्थिति है। ...(व्यवधान) आप कहां थे? ...(व्यवधान) जब करेंगे तभी तो पता लगेगा। ...(व्यवधान) वहां बैठकर कुछ भी बोल दीजिए, जब करते हैं तब पता लगता है। ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** मंत्री जी, कृपया आप चेयर को एड्रेस करें। आप उनसे बात नहीं करें।

**श्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह :** सर, क्या चेयर को एड्रेस करें? They are not allowing. They do not want to listen. That is not proper. You control them first. ...(*Interruptions*)

**माननीय सभापति :** आप अपना भाÂषण कंप्लीट कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

SHRI CHAUDHARY BIRENDER SINGH: I am concluding. Let me conclude. ऐट लीस्ट जो मैं बोल रहा हूं, उसको सुनने की तो कोशिश करें। मैंने खड़गे जी को पहले कहा ...(व्यवधान) मैंने कहा कि अगर दूसरे सवाल भी उठेंगे तो हम फिर उसकी रिप्लाई दे सकते हैं। ...(व्यवधान)

दूसरी बात, मैं यह कहना चाहता था कि आज की स्थिति में अगर मनरेगा की बात यह करते हैं, मनरेगा को हमने ट्रांसफार्म किया है। ...(व्यवधान) यही बात नहीं है। ...(व्यवधान) इन लोगों ने मनरेगा के एक्ट के माध्यम से इनके शासन काल में मनरेगा का जो बेनेफिशियरी था, उसका विश्वास उठ गया था, खत्म हो गया था, वह पीछे हट गया था। ...(व्यवधान) हमने उस विश्वास को दोबारा पैदा किया है। ...(व्यवधान) हमने मनरेगा में, पिछले साल 37 हजार करोड़ रुपए का बजट था, लेकिन हमने 43 हजार करोड़ रुपए सिर्फ मनरेगा पर दिए हैं। ...(व्यवधान) आप तो कोई जवाब नहीं देते हैं, आपको पता है कुछ ...(व्यवधान) आप जानते हैं, कोई जवाब नहीं देते, वैसे ही बात करते हैं। ...(व्यवधान) मैं ज्यादा बात नहीं करता हूं। ...(व्यवधान) मैं यह कहना चाहता हूं कि मनरेगा के माध्यम से हमने 7 हजार करोड़ रुपए ज्यादा खर्च किए। पिछले साल जब इनका राज था तो 172 करोड़ मैनडेट थे, हमने 235 करोड़ मैनडेट पैदा किए और मनरेगा के लाभार्थियों का विश्वास दोबारा पैदा किया।...(व्यवधान) आज जो सूखे की स्थिति है, उसमें 8 लाख 83 हजार जो विलेज पौंड्स हैं, उनको मनरेगा के माध्यम से सफाई की जायेगी, उनकी मिट्टी निकाली जायेगी।...(व्यवधान) पानी संरक्षण करने की जो बात है, वह एक सबसे बड़ा माध्यम होगा। ...(व्यवधान) प्रधानमंत्री कहते हैं कि जहां पानी बरसता है, वह वहां रूके, जहां पानी रूका है, वहां उसके नीचे जाए और पानी किसानों के खेत में जाए। ...(व्यवधान)

मुझे बोलने दीजिए।...(व्यवधान) मैं बोलूंगा।...(व्यवधान) यह कोई तरीका नहीं है।...(व्यवधान) This is not fare. ...(व्यवधान) सर, मुझे जवाब देने का अधिकार है। ...(व्यवधान) मुझे जवाब देने से रोकना, यह मेरे प्रिविलेज को...(व्यवधान) आप तो बड़े आराम से प्रिविलेज मोशन ले आते हैं, मैं आपके खिलाफ प्रिविलेज मोशन लेकर आऊंगा। ...(व्यवधान)

सर, मैं यह कहना चाहता हूं कि हम वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से चेक डैम बनायेंगे, मनरेगा के तहत गैबीअन स्ट्रक्चर बनायेंगे, रिचार्ज पिट्स बनायेंगे, नाला पौंड्स बनायेंगे और एफॉरस्टेशन की ऐक्टिविटीज को भी बढ़ोतरी देंगे...(व्यवधान) ताकि एक ऐसी स्थिति बने जिससे पानी परकोलेट हो। ...(व्यवधान) जब बारिश की कमी हो तो उस स्थिति में पानी का इस्तेमाल हो। ...(व्यवधान) इसके साथ-साथ मैं यह भी आपको बताना चाहूंगा कि मध्य प्रदेश सरकार ने तीन करोड़ ऐसे कार्य राज्य भर में किये हैं, जिससे उनका ग्रोथ रेट 24 प्रतिशत तक पहुंचा है। ...(व्यवधान) इसी प्रकार से 14,200 प्रोजैक्ट्स के लिए 93,000 करोड़ रुपये की राशि संभावित है, जो खर्चा होगा।...(व्यवधान) हम ने अभी तक तीन लाख हेक्टेयर से ज्यादा, हमारे जो वेस्ट वाटर प्रोजैक्ट्स हैं, उनको संपन्न करने के लिए तीन लाख हेक्टेयर जमीन को अंडर कल्टीवेशन लेकर आये हैं। ...(व्यवधान) वह भी इसी का प्रयास था।...(व्यवधान) इस के साथ-साथ, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि हमने वर्ल्ड बैंक से 'निराचल प्रोजैक्ट' जो 2,041 करोड़ रुपये का है, उस प्रोजैक्ट के माध्यम से हम जिन राज्यों में या जिन क्षेत्रों में बारिश की कमी है, या बारिश होती है तो उस पानी का इस्तेमाल ठीक से नहीं हो सकता है, उन राज्यों में एक नई तकनीक से शोध के कार्य से 'निरांचल' के माध्यम से हम वहां यह व्यवस्था करेंगे कि इतना पानी नई तकनीक के माध्यम से रोक सकें।...(व्यवधान) वहां किसानों एक जब पानी की कमी पड़े तो ऐसी स्थिति में उनको फसल बोने और फसल को पकाने में कोई दिक्क्त न आये।...(व्यवधान) इस प्रकार से हमने 1550 करोड़ रुपये लैंड डेवेलपमेंट के माध्यम से इसमें खर्चा ...(व्यवधान) इसके साथ-साथ हमने मनरेगा के माध्यम से traditional water bodies including de-silting of irrigation tanks and other water bodies, उनको मनरेगा के माध्यम से दोबारा रिजैनरेट करने के लिए भी हम प्रयास कर रहे हैं। ...(व्यवधान)

इस प्रकार हमने मनरेगा में यह व्यवस्था की है...(व्यवधान) चुप करो, चुप करो।...(व्यवधान) अब की व्यवस्था में फॉर्म पांड...(व्यवधान) 30,190 और 17,000, ड्रेनेज का प्रबंध, हमने दो साल के अंदर 31,900 करोड़ रुपये मनरेगा के माध्यम से इस योजना में खर्चे हैं।...(व्यवधान) इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि जिस इलाके में सूखे की स्थिति बनती है, वहां रोजगार पाने के लिए भी प्रबंध किए जाते हैं।...(व्यवधान) हमने अप्रैल, मई और जून के लिए 12 हजार करोड़ रुपये मनरेगा के माध्यम से उन इलाकों के लिए रिलीज़ किए हैं जहां लोगों को मजदूरी की जरूरत पड़ेगी, काम की जरूरत पड़ेगी, उनसे काम करवाएंगे। ...(व्यवधान) इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी ने कहा है, हमारे साथी प्रह्लाद जी ने भी कहा था कि मनरेगा का कार्य अगर हम किसान के लिए पैदावार बढ़ाने के लिए लगाएंगे तो उसमें उतनी ज्यादा पारदर्शिता आएगी और हमारे देश में जहां-जहां सूखे की स्थिति है, उससे निपटने के लिए हम पानी की व्यवस्था भी कर सकेंगे।...(व्यवधान)

इसके साथ-साथ मैं यह भी कहूंगा कि इस सदन में कम से कम वे सदस्य हैं जिन्हें गांव के लोगों से प्यार हो, मोहब्बत हो, उनके दुख-दर्द के साथी हों। ...(व्यवधान) इस सदन के अंदर अगर माननीय सांसद अपनी जिम्मेदारी समझते हैं तो आज देश के 24 करोड़ लोगों को, मैं कहूंगा कि वहां जाकर देख लें। ...(व्यवधान) यहां काम नहीं चलता।...(व्यवधान)

मैं कह सकता हूं कि हमने जो प्रबंधन किया है, उसमें अगर हमें राज्य सरकारों का साथ मिला तो आने वाले दो सालों में जिन चीजों का मैंने जिक्र किया कि वे आपदा के समय चाहिए, उनसे लोगों को निजात मिलेगी और देश में पानी की व्यवस्था पूरी होगी।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: The House stands adjourned to meet again tomorrow on 11th May at 1100 hours.

**18.33 hours**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, May 11, 2016/Vaishaka 21, 1938 (Saka).*

* ????? ??????? ? ???????????????? ??????????? ????? ????????? ??? ??? ???????????????? ????????????????????? ????????? ????? ????????????????? ????????? ?????????????????? ??????????? ??? ????? ?????????? ??? ????? H?????????? ????? ????????? ????????????????.

* ????????? ????????????????????

* ????????? ?????????????????????.

** E????????????? ????????????????????? ??? ????? ?????????????? ????????????????????? ????????????????????????? ??? ????????????????.

* ????????? ?????????????????????.

* ????????? ?????????????????????.

* ??????????????????? ??????? ?????????? ??? ????? ???????????.

* E????????????? ????????????????????? ??? ????? ?????????????? ????????????????????? ????????????????????????? ??? ?????????????????.

* ????????? ?????????????????????.

* E????????????? ????????????????????? ??? ????? ?????????????? ????????????????????? ????????????????????????? ??? ?????????????????.

* ????????? ?????????????????????.

* ????????? ?????????????????????.

* ????????? ?????????????????????.